सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
शनिवार, 22 अक्टूबर 2022
वर्ष-2-अंक 305
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## ख़ास ख़बर

### सीडीएस, सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने पुणे में रक्षा अकादमी का दौरा किया

**पुणे (महाराष्ट्र)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने शुक्रवार को पुणे के खडकवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) का दौरा किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि जनरल चौहान के साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी भी थे। तीन सेवाओं के प्रमुख प्रतिष्ठित संस्थान के पाठ्यक्रम के साथी और पूर्व छात्र हैं। बयान में कहा गया है कि जनरल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के लिए अकादमी में हट ऑफ रिमेंबरेंस में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नौसेना की चेतावनी फायरिंग में मछुआरा घायल

**चेन्नई।** भारतीय नौसेना द्वारा शुक्रवार को समुद्र के बीच में चेतावनी फायरिंग किए जाने के दौरान तमिलनाडु का एक मछुआरा घायल हो गया, जिसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के एक ट्वीट के अनुसार, नौसेना ने कहा है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद एक संदिग्ध नौका के नहीं रुकने पर उसके पोत ने उक्त नौका का पीछा किया और उसे रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार चेतावनी फायरिंग की।

### महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री देशमुख को जमानत देने से अदालत का इनकार

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने कथित भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में जांच कर रहा है। अदालत ने कहा कि इस तरह के सफेदपोश अपराध देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं और वह बर्खास्त पुलिस अधिकारी और आरोपी से वादामाफ गवाह बने सचिन वाजे के बयान को नजरअंदाज नहीं कर सकती है। देशमुख की सक्रिय भागीदारी और सार्वजनिक दायित्व के निर्वहन में अनुचित लाभ प्राप्त करने के प्रयास को देखते हुए उन्हें राहत नहीं दी जानी चाहिए। देशमुख के खिलाफ दर्ज ईडी के मामले में चार अक्टूबर को जमानत दिए जाने के बाद इस मामले में भी जमानत याचिका दाखिल की थी।

**जरा हट के...** बग्गा







○ पीएम और सीएम की केमिस्ट्री रही चर्चाओं में
○ पीएम ने सीएम धामी के मधुर व्यवहार और चेहरे पर हरदम मुस्कान की तारीफ की

# पीएम ने केदारनाथ, बदरीनाथ के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

■ देहरादून

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को प्रसिद्ध हिमालई धामों केदारनाथ और बदरीनाथ का दौरा किया तथा पूजाअर्चना करने के अलावा वहां चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे की शुरूआत 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक केदारनाथ से करते हुए प्रधानमंत्री हेलीपैड से सीधे मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। प्रधानमंत्री के तीर्थ पुरोहित प्रवीण तिवारी ने मंदिर के अन्य पुजारियों के साथ मिलकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से उनकी पूजा संपन्न कराई। इस दौरान, पुजारियों ने भगवान से प्रधानमंत्री को देश को आगे ले जाने के लिए शक्ति देने की कामना की। केदारनाथ में प्रधानमंत्री द्वारा पहने गए सफेद रंग के पहाड़ी परिधान और पहाडी टोपी ने सबका ध्यान खासतौर से अपनी ओर आकृष्ट किया। मंदिर में पूजा में बैठे मोदी के परिधान पर स्वस्तिक का चिह्न भी दिखाई दिया।

मंदिर से बाहर आने के बाद प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं का हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, प्रदेश के मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधु भी मौजूद रहे।प्रधानमंत्री इसके बाद आदि गुरू शंकराचार्य के समाधि स्थल के दर्शन के लिए गए और उनकी प्रतिमा की परिक्रमा की। वर्ष 2013 की आपदा में क्षतिग्रस्त हो गई आदि गुरू के समाधिस्थल का प्रधानमंत्री ने पिछले साल लोकार्पण किया था। आल टैरेन व्हीकल (एटीवी) से केदारनाथ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने वहां कार्य कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की और उनका हौसला बढाया। इस दौरान मोदी ने मंदाकिनी आस्था पथ तथा सरस्वती आस्था पथ का भी निरीक्षण किया। केदारनाथ के बाद प्रधानमंत्री चमोली जिले में नर और नारायण पर्वतों के बीच स्थित बदरीनाथ धाम पहुंचे जहां तीर्थ पुरोहितों तथा बदरीनाथकेदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया तथा प्रसाद और अंगवस्त्र भेंट किया। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि विधान से प्रधानमंत्री की पूजा संपन्न करवाई। पूजा के बाद मंदिर से बाहर आए मोदी ने वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



### पीएम ने सीएम के शब्दों पर लगाई मुहर, बोले- माणा अंतिम नहीं देश का पहला गांव

देश के आखिरी गांव के नाम से प्रचलित माणा को आज जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतिम नहीं अपितु देश का पहला गांव बताकर संबोधित किया तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी इन भावनाओं पर तत्काल मुहर लगाते हुए अपने भाषण में माणा को पहला गांव कहने में देर नहीं लगाई। दरसअल, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कई बार सीएम के कार्यों की तारीफ करते हुए बता दिया कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड सही हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में दोबारा भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार किसी जनसभा को संबोधित कर रहा हूं। यह अवसर देने के लिए उन्होंने जनता का आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि उत्तराखंड में आज जिन रोपवे प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है उससे ये यात्राएं न केवल सुगम और सरल होंगी बल्कि इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा होने से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार आने से पहले केवल 5 लाख यात्री ही धामों के दर्शनों के लिए आते थे इस बार यहां 45 लाख लोग आए। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि उत्तराखंड के विकास के लिए डबल इंजन सरकार सही दिशा में काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना काल में हमने प्राथमिकता पर पहाड़ी राज्यों में कोविड की वैक्सीन को पहुँचाने का कार्य किया। एक बार फिर सीएम धामी की तारीफ करते हुए कहा कि सशक्त नेतृत्व के कारण ही पहाड़ के घर-घर मे वैक्सीनेशन संभव हो सका।

## गुजरात चुनावः आप, कांग्रेस का पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा

■ अहमदाबाद

आम आदमी पार्टी (आप) ने साल के अंत तक होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने पर राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने के अपने चुनावी वादे को शुक्रवार को दोहराया। दिन में पहले पंजाब में आप सरकार की ओपीएस बहाल करने की घोषणा का जिक्र करते हुए गुजरात आप अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने कहा कि गुजरात में यदि आप सत्ता में आई तो पार्टी यहां भी ऐसा ही करेगी।इटालिया ने एक बयान में कहा, पंजाब में पुरानी




पेंशन योजना को बहाल करना आप का ऐतिहासिक फैसला है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के फैसले से हजारों कर्मचारियों को फायदा होगा। आप सत्ता में आने के बाद गुजरात में भी पुरानी पेंशन योजना शुरू करेगी। उन्होंने और आप के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव इसुदान गढवी ने गुजरात में सरकारी कर्मचारियों से आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को वोट देने की अपील की और दावा किया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने वादों को पूरा करने के लिए जाने जाते हैं।केजरीवाल ने राज्य में प्रचार के लिए अपने दौरे के दौरान सरकारी कर्मचारियों के लाभ के लिए ओपीएस को बहाल करने का वादा किया है। संयोग से, विपक्षी कांग्रेस भी राज्य में सत्ता में आने पर ओपीएस की वापसी का वादा करती रही है, जहां पिछले 27 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है।गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने वाली कांग्रेस देश में पहली है।

## आतंकवादी विचारधारा का सीमापार प्रसार राजनीतिक समस्या नहीं : शाह

■ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद को मानवाधिकार का सबसे अधिक उल्लंघन करने वाला करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि ऑनलाइन माध्यम से आतंकवादी विचारधारा के सीमापार प्रसार को राजनीतिक समस्या नहीं माना जा सकता। इंटरपोल महासभा के 90वें सत्र को समापन दिवस पर संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सभी देशों को आतंकवाद और आतंकवादियों की समान परिभाषा तय करने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा, हम आतंकवादियों और आतंकवाद से तब तक नहीं लड़ सकते जब तक दोनों की समान परिभाषा न हो। आतंकवाद से लड़ने की प्रतिबद्धता और अच्छे एवं बुरे आतंकवाद में भेद करना या बड़े और छोटे हमले के रूप में वर्गीकरण करना साथ-साथ नहीं चल सकता। शाह ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथ को बढ़ावा देकर आतंकवादी विचारधारा का सीमापार प्रसार के बारे में आम सहमति होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम इसे राजनीतिक समस्या नहीं मान सकते हैं। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ दीर्घकालिक, विस्तृत और स्थाई लड़ाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना पड़ेगा।

### भाजपा- कांग्रेस ने कहा बयान अस्वीकार्य
## पाटिल की टिप्पणी हिंदुत्व को कलंकित करने की एक और कोशिश

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के इस दावे को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया कि भगवद्गीता में भी जिहाद की बात कही गई थी। सत्तारूढ़ दल ने कहा कि यह विपक्षी दल द्वारा हिंदुत्व को कलंकित करने का एक और प्रयास है। हालांकि, कांग्रेस ने पाटिल की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया। विपक्षी दल ने यह भी कहा कि पाटिल ने अपनी टिप्पणी पर स्पष्टीकरण दिया है और कहा है कि भगवद्गीता भारतीय सभ्यता का मौलिक स्तम्भ है।



कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यह मांग की है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे या इसकी नेता सोनिया गांधी को पाटिल की टिप्पणी पर जवाब देना चाहिए। महात्मा गांधी ने इस हिंदू ग्रंथ पर अपनी टीका में इसे अनाशक्ति योग का स्रोत बताया था, जबकि बाल गंगाधर तिलक ने गीता के अपने अध्ययन से कर्म योग का दर्शन दिया। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता इसमें अब जिहाद देख रहे हैं।भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लंबे समय से हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान का अपमान करने की साजिश में शामिल रही है ।

## ज्ञानवापी : बंद पड़े तहखानों के सर्वे पर दो नवंबर को होगी सुनवाई

■ वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की एक जिला अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बंद पड़े दो तहखानों के सर्वेक्षण के आलोक में हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई के लिए दो नवंबर की तारीख मुकर्र की है। इसके साथ ही, अदालत ने मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा समय पर आपत्ति प्रस्तुत न कर पाने के लिए अदालत ने मुस्लिम पक्ष पर 100 रुपए का अर्थदंड लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया, हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं ने इससे पहले अदालत में ज्ञानवापी परिसर में बंद पड़े तहखानों के सर्वेक्षण की अपील की थी। अदालत ने मुस्लिम पक्ष को इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय दिया था।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम पक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अदालत से आज और समय मांगा, जिस पर अदालत ने 100 रुपए का अर्थदंड लगा दिया।

महेंद्र पांडेय ने बताया कि हिन्दू पक्ष की एक याचिकाकर्ता राखी सिंह के अधिवक्ता ने ज्ञानवापी परिसर में मिले लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा को सुरक्षित रखने की अदालत से मांग के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।


### सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्यों से कहा
## नफरती भाषण के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करें

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने संविधान में भारत के धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना का हवाला देते हुए शुक्रवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को निर्देश दिया कि वे नफरत भरे भाषणों के दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज होने का इंतजार किए बिना सख्त कार्वाई करें। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की देरी अदालत की अवमानना के दायरे में आएगी।

शीर्ष अदालत ने कहा, भारत का संविधान एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र और बंधुत्व... सम्मान के साथ भाईचारा की परिकल्पना करता है...राष्ट्र की एकता और अखंडता प्रस्तावना में निहित मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। शीर्ष अदालत ने कहा, जब तक विभिन्न धर्मों के लोग सद्भाव के साथ रहने में सक्षम नहीं होंगे, तब तक बंधुत्व नहीं हो सकता है।

याचिकाकर्ता ने इस बात का उल्लेख किया कि विभिन्न दंड प्रावधानों के बावजूद, कोई कार्वाई नहीं की गई है और संवैधानिक सिद्धांतों पर अमल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि इस अदालत के पास मौलिक अधिकारों और संविधान की रक्षा करने का दायित्व है, जहां कानून का शासन बनाए रखा जाता है। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और



न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की याचिका पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को भी नोटिस जारी किए।

पीठ ने कहा कि राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने के लिए नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए, भले ही वे किसी भी धर्म के हों।

न्यायालय ने कहा, प्रतिवादी संख्या दो, तीन और चार (तीन राज्य) अपना जवाब दाखिल करेंगे कि उल्लेखित भाषणों के लिए क्या कार्वाई की गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि जब भी कोई नफरती भाषण या कार्य होता है और शिकायत दर्ज नहीं की जाती है, तो ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान लिया जाएगा और शिकायतों का इंतजार किए बिना कार्वाई की जाएगी। प्रतिवादी उचित कार्वाई के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देश जारी करेंगे।

### खड़गे से मिले कांग्रेस की मुंबई इकाई के प्रमुख

**मुंबई।** कांग्रेस की मुंबई इकाई के नेताओं भाई जगताप और चरन सिंह सापरा ने पार्टी के नव-निर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और शहर में मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। महानगर में जल्दी ही बीएमसी के चुनाव होने हैं। पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार, कांग्रेस के मुंबई प्रभारी जगताप ने खरगे को मुंबई दौरे पर आने का न्योता दिया, जिसे वरिष्ठ नेता ने स्वीकार किया। दिल्ली में खड़गे के आवास पर उनसे भेंट की।

### प्रशांत किशोर ने महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री की आलोचना की
## 500 में रसोई गैस देने की मांग

■ पटना

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने महंगाई और बिहार जैसे राज्यों में औद्योगिक विकास कम रहने के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। किशोर पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज अनुमंडल (सब-डिविजन) में ग्रामीणों को संबोधित करे थे। वह अपने गृह राज्य (बिहार) की राज्यव्यापी पदयात्रा पर हैं।किशोर के भोजपुरी में भाषण का एक वीडियो क्लिप जन सुराज ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। राज्यव्यापी यात्रा संपन्न होने के बाद इसे (जन सुराज को) एक राजनीतिक पार्टी में परिवर्तित किए जाने की संभावना है।

किशोर ने कहा, हमने हर-हर मोदी, घर-घर मोदी का नारा लगाया और वह प्रधानमंत्री बन गए। रसोई गैस की कीमत 500 रुपए से बढ़ कर।,300 रुपए प्रति सिलेंडर पहुंच गई...यदि वह (प्रधानमंत्री के) पद पर और एक बार चुने जाते हैं तो कीमत 2,000 रुपए प्रति सिलेंडर पहुंच जाएगी।

उल्लेखनीय है कि किशोर ने 2014 में मोदी के चुनाव प्रचार अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी और कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी जीत का श्रेय भी उन्हें दिया गया।

## शहरी परिवर्तन की सशक्त मिसाल बना कोटा मॉडल : गहलोत

■ जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा में 643.10 करोड़ रूपए की लागत से हुए 21 विकास कार्यों का लोकार्पण किया और इस अवसर पर उन्होंने कोटा मॉडल को शहरी परिवर्तन की एक सशक्त मिसाल बताया। मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने कहा कि कोटा में विकास के एक नए युग की शुरुआत हुई है। गहलोत ने कहा कि कोरोना की विषम परिस्थितियों के बावजूद योजनाबद्ध तरीके से विकास के अद्भुत कार्य हुए हैं और इससे औद्योगिक एवं शिक्षा नगर के रूप में पहचान स्थापित करने वाला शहर अब पर्यटन की दृष्टि से भी देश-विदेश में जाना जाएगा। आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ आधुनिकता का समावेश कर निवेश की दृष्टि से भी शहर को आकर्षक बनाया गया है।

राजस्थान जनकल्याणकारी योजनाओं में मॉडल स्टेट बन रहा है और यहां मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा रसोई योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना सहित अनेकों योजनाओं से हर एक व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है।

**अयोग्य** इमरान पर तोशाखाना से रियायती मूल्य पर खरीदे गए उपहारों की बिक्री का आरोप

# पाक निर्वाचन आयोग ने इमरान खान को अयोग्य करार दिया

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच वर्ष के लिए अयोग्य करार दिया। इस अवधि में इमरान खान के कोई भी सार्वजनिक पद ग्रहण करने पर रोक रहेगी। खान पर विदेशी नेताओं से प्राप्त उपहारों की बिक्री से हुई आय को छिपाने का आरोप था। इस निर्णय के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान (70) पांच साल तक संसद के सदस्य नहीं बन सकते।

सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के सांसदों ने अगस्त में खान के खिलाफ पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) में शिकायत दी थी। इस शिकायत में तोशाखाना (देश का भंडार गृह) से रियायती मूल्य पर खरीदे गए उपहारों की बिक्री से हुई आय का खुलासा न करने को लेकर खान को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद ईसीपी ने 19 सितंबर को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस्लामाबाद स्थित ईसीपी



सचिवालय में खान के खिलाफ निर्णय सुनाया। पीठ ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से निर्णय सुनाया कि खान भ्रष्ट आचरण में शामिल थे और उन्हें संसद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह निर्णय पांच सदईय पीठ ने सर्वसम्मति से लिया। हालांकि, पंजाब के सदस्य घोषणा के समय मौजूद नहीं थे। ईसीपी ने यह भी कहा कि खान के खिलाफ भ्रष्ट आचरण कानून के तहत कार्वाई भी की जाएगी।

वहीं, खान की पार्टी के महासचिव असद उमर ने कहा कि इस निर्णय को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। पीटीआई के अन्य वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने निर्णय को खारिज करते हुए खान के समर्थकों से विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया। खान की पार्टी ने सोमवार को आए उपचुनाव के नतीजों में नेशनल असेंबली की आठ में से छह जबकि प्रांतीय विधानसभा उपचुनाव की तीन में से दो सीट पर जीत दर्ज की थी, जिसके बाद ईपीसी का यह निर्णय सामने आया है।

खान की पार्टी ने नेशनल असेंबली की सात सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से छह में जीत हासिल की। पीटीआई के वरिष्ठ नेता शाह महमूद कुरैशी ने कहा, माइनस वन फॉर्मूला (एक राजनीतिक दल को अपने ही नेता के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास) अस्वीकार्य है।

# बड़ी कठिन है डगर खड़गे की



**ऋतुपर्ण दवे**

लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।

कांग्रेस ने आखिर 21 वीं सदी का पहला नया लोकतांत्रिक अध्यक्ष चुन ही लिया जो गांधी परिवार के बाहर का है। यह जबरदस्त प्रचार और बेहद शांति के साथ आंतरिक लोकतंत्र की दुहाई के नाम पर हुआ। वह भी तब जब गांधी परिवार का वारिस (जैसा दिखता है) 42 दिन से दिल्ली से बाहर है और पैदल-पैदल भारत जोड़ो यात्रा पूरी कर रहा है। बेशक पार्टी बेहद मुश्किल दौर में है, जनाधार तेजी से गिरा है, भविष्य क्या होगा इसको लेकर अनिश्चितता है। पार्टी में तेजी से फूट, गुटबाजी और बिखराव के बीच एक बड़ा संदेश देने की कोशिश कितनी कामियाब होगी यह वक्त बताएगा। अब कॉंग्रेस पार्टी का चुनौतियों से भरा ताज 80 बरस के मल्लिकार्जुन खड़गे के माथे पर है जिनका अनुभव भरा 55 साल का राजनीतिक सफर है। वो गांधी परिवार के बेहद विश्वासी हैं। लेकिन यह भी जगजाहिर है कि गाँधी परिवार के बाहर के तमाम अध्यक्ष अपने अच्छे रिश्तों के चलते पार्टी अध्यक्ष तक पहुंचे जरूर लेकिन धीरे-धीरे कड़वाहट बढ़ती गई और देर-सबेर हटना या हटाना ही पड़ा। गिनाने की जरूरत नहीं सबको पता है कि के कामराज से लेकर सीताराम केसरी तक गैर नेहरू-गांधी अध्यक्षों को कैसे-कैसे दौर से गुजरना पड़ा। बहरहाल तब और अब में फर्क तो दिखता है। हो सकता है कि परिस्थितियां इसके लिए मजबूर करें कि वैसी पुनरावृत्ति न हो।

कॉंग्रेस का इतिहास देखें तो 137 साल के सफर में छठवी बार पार्टी अध्यक्ष का चुनाव हुआ है। बांकी वक्त पार्टी की कमान नेहरू-गांधी परिवार के हाथों में या फिर सर्वसम्मत चुने अध्यक्ष के पास रही। इस बार भी पहले की तरह गाँधी परिवार ने साफ कर दिया था कि वो इस दौड़ में नहीं है। उसके बाद जिस तेजी से अशोक गहलोत का नाम उभरा और मुख्यमंत्री की कुर्सी के मोह में पिछड़ा तब से मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत तेजी से सामने आए और शशि थरूर उनके प्रतिद्वन्दी बने। जीत गाँधी परिवार के वरदहस्त प्राप्त मल्लिकार्जुन खड़गे को मिली। जीतते ही उन्होंने सोनिया गांधी से मिलने का वक्त मांगा। हुआ उल्टा शाम को बधाई देने खुद सोनिया गांधी उनके घर पहुंची और बड़ा संदेश दे डाला। इससे पहले थरूर ने पहले उप्र में चुनाव में धांधली का आरोप लगाया बाद में खुद ही बड़ा दिल दिखाते हुए खड़गे को मुबारकबाद देने उनके घर जा पहुँचे। निश्चित रूप से यह पार्टी के लिहाज से सकारात्मक कहा जाएगा लेकिन सवाल फिर वही कि खड़गे का नेतृत्व कांग्रेस को कितना आगे ले जाएगा? थोड़ा अतीत में भी झांकना होगा। 1964 से 1967 तक के दौर में कांग्रेस दिग्गजों को सरकार से इस्तीफा दिलाकर संगठन में ला पार्टी को मजबूत करने वाला 'कामराज प्लान' अपने आप में अलग था। इसकी शुरुआत 1963 में खुद से ही की जब कामराज ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पद से स्तीफा देकर उदाहरण पेश किया। इसी कारण और कई राज्यों में मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्री भी इस्तीफे को विवश हुए। नेहरू जी की मृत्यु के बाद इन्हीं ने इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाने में बड़ी राजनीतिक बिसातें बिछाई और कामियाब भी हुए। लेकिन एकाएक कई मतभेदों के चलते दोनों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। इसी चलते 1969 में कांग्रेस दो टुकड़े हो गई। सिंडिकेट के नियंत्रण वाला धड़ा कांग्रेस (ओ) हो गया और इंदिरा के नेतृत्व वाला धड़ा कांग्रेस (आर) बन गया जो मौजूदा कांग्रेस है। दो साल बाद 1971 में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ तमिलनाडु विधानसभा चुनाव भी हुए। इसमें कामराज अपने गुट की तरफ से मुख्यमंत्री के दावेदार थे। इधर इंदिरा गांधी ने भी जबरदस्त चाल चली उन्होंने द्रविण मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के एम करुणानिधि के साथ मिलकर खेला कर दिया। इन्दिरा कांग्रेस ने डीएमके से गठबंधन कर लिया और विधानसभा चुनाव में ही नहीं उतरी। उल्टा लोकसभा चुनाव खातिर डीएमके से सीटों का समझौता कर लिया और कामराज का मुख्यमंत्री बनने का सपना चूर-चूर कर दिया। इसी के बाद तमिलनाडु में ऐसे हालात बनते गए कि कांग्रेस खुद हाशिए पर चली गई।



1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद के हालात भी देखने होंगे। हत्या पहले चरण के बाद हुई जिसके नतीजे कांग्रेस के लिए अच्छे नहीं थे। लेकिन बाद के चरण में सहानुभूति के चलते 232 सीटें जीतकर कांग्रेस बड़ा दल बनी फिर भी बहुतमत से पीछे रह गई। उसी समय सोनिया गांधी को आगे आने के लिए खूब जोर आजमाइश हुई। लेकिन वो तैयार नहीं हुईं। आखिर में नरसिम्हा राव के नाम पर मुहर लगी जिन्होंने पूरे 5 साल गठबन्धन की सरकार चलाई और पार्टी भी संभाली। बतौर पार्टी अध्यक्ष अपनी मनमर्जी से संगठन चलाने और प्रधानमंत्री के रूप में देश चलाने से उनके गाँधी परिवार से रिश्ते बिगड़ने लगे। नरसिम्हा राव ने डूबती अर्थव्यवस्था को उदारीकरण के जरिए बचाया था। 1996 में भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें कॉंग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा। सीताराम केसरी को भी गाँधी परिवार ने बड़े जोश-खरोश से अध्यक्ष बनाया था लेकिन संबंध ज्यादा दिनों तक नहीं निभे। कई नेताओं और सलाहकारों के द्वारा लगातार कान भरे जाने से हमेशा गाँधी परिवार के विश्वासी और भक्त माने जाने वाले केसरी भी आँखों की किरकिरी बन गए। अंततः 5 मई 1998 को अपनी ही बुलाई कॉंग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में उन्हें पार्टी की बदहाली का हवाला दिया गया और सोनिया गाँधी को अध्यक्ष बनाने की सिफारिश को कहा गया। केसरी ने इसे क्या ठुकराया उन्हें भी जबरदस्त अपमान का सामना झेलना पड़ा। वो बीच बैठक से चले गए और प्रणव मुखर्जी ने वरिष्ठता के नाते आगे अध्यक्षता की जिसमें दो प्रस्ताव पास हुए। एक में सीताराम केसरी को उनके कार्यकाल के लिए आभार जताया तो दूसरे में सोनिया गाँधी से अध्यक्ष पद स्वीकारने की अपील की गई। साल भर बाद एक बैठक में पहुंचने पर केसरी के कुर्ता फाड़ने व अपमानित करने की बातें सबने देखीं। नए कॉंग्रेस अध्यक्ष 6 भाषाओं के जानकार हैं। मूलतः दक्षिण भारत से होकर भी हिन्दी भाषा में जबरदस्त दखल रखते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष बनने वाले दूसरे महादलित नेता हैं। 1971 में बाबू जगजीवन राम पहले अध्यक्ष बने थे। दो बार सांसद और 9 बार लगातार विधायक रहने वाले खड़गे ने 2009 गुलबर्गा लोकसभा चुनाव जीत लगातार दसवीं जीत हासिल की। 2014 में मोदी लहर के बावजूद वो गुलबर्गा लोकसभा चुनाव जीते। लेकिन 2019 में मोदी की सुनामी के आगे वो गुलबर्गा लोकसभा चुनाव हार गए। 12 चुनाव लड़ने के दौरान यह उनकी पहली हार थी। अब देखना होगा कि इस दौर में जब मीडिया और सोशल मीडिया बेहद सशक्त है, मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस को कहां तक ले जा पाते हैं। आज भी कुछ को छोड़ तमाम कांग्रेसी दिग्गज बड़ी बहसों, जनसंवादों में नदारत दिखते हैं। अखबारों में लेख लिख जान फूंकने की कोशिशें तो दूर, टीवी के फ्रेम में आने से भी डरते हैं। लेकिन खुद को सत्ता से बाहर हुआ मानने को तैयार नहीं! व्यव्हार, आचरण में वही खनक वही रौब। जिनकी वार्ड चुनाव जीतने की औकात नहीं वो बड़े पदाधिकारियों की चाटुकारिता कर, विज्ञप्तिवीर बन संगठन में बरसों से काबिज हैं। क्या ऐसे चाटुकारों का भी हिसाब-किताब किया जाएगा? चंद हफ्तों बाद होने वाले हिमांचल और गुजरात चुनाव में कॉंग्रेस की स्थिति किससे छिपी है।

हां, एक सबसे बड़ा सवाल उभर रहा है कि राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा का 12 राज्यों से होकर 3570 किलोमीटर लंबा सफर मुकर्रर है। जिसमें खड़गे के अध्यक्ष बनने तक वो 1250 किलोमीटर तय कर चुके हैं। बेशक इससे कॉंग्रेस की स्थिति मजबूत होगी और उमड़ते जनसैलाब के संकेत सुकून भरे हैं। वहीं खड़गे को लेकर राहुल का बयान कि उनकी भूमिका नए अध्यक्ष तय करेंगे और वो खड़गे जी को रिपोर्ट करेंगे के कई मायने हो सकते हैं। जब यात्रा शुरू की थी तब सोनिया गाँधी अंतरिम अध्यक्ष थीं जब तक यात्रा का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा तय किया तो मल्लिकार्जुन अध्यक्ष हो गए। एक सवाल स्वाभाविक है जो सबके मन में है कि पार्टी में अव्वल कौन दिखेगा राहुल, खड़गे या सोनिया? लोकतंत्र की मजबूती की खातिर सशक्त विरोधी दल देश के लिए जरूरी है। अच्छा होता इस बार कॉंग्रेस आपसी विरोध न दिखा विरोधियों को अपनी ताकत दिखाती। कुछ भी हो लोगों में इसको लेकर उत्सुकता और वक्त का इंतजार है कि हैसियत में कौन ताकतवर होगा 10 राजाजी मार्ग (खड़गे निवास) या 10 जनपथ (सोनिया निवास)?

## लापरवाही से बढ़ रहा दूध संकट

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार लंपी महामारी के चलते पंजाब में पचास हजार गायें मरीं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों में संख्या पंद्रह हजार कही जा रही है। इसके चलते प्रतिदिन पैंतीस लाख लीटर दूध का उत्पादन घटा, जिससे दूध व देसी घी के दामों में भारी उछाल आया है। रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में बारह फीसद बड़े डेयरी फार्म बंद हो चुके हैं तथा चारे की लागत में भारी उछाल की वजह से दस फीसद दुग्ध उत्पादक किसान पेशा छोड़ चुके हैं। वहीं दूसरी ओर लुधियाना के निकट नये बने वेरका मिल्क प्रोसेसिंग और बटर प्लांट का लोकार्पण करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम दिल्ली के हर कोने में वेरका बूथ खोलेंगे। सवाल उठता है कि जब लंपी महामारी के चलते बड़ी संख्या में गोवंश की क्षति हुई है तो क्षेत्र में दूध व इससे जुड़े उत्पादों की भारी मांग के बीच अन्य राज्यों को इसकी सहज आपूर्ति संभव हो पायेगी? बेशक, राज्य में गोवंश की महामारी से बड़ी त्रासदी उपजी है। दुग्ध उद्योग से जुड़े किसानों व डेयरियों को भारी क्षति उठानी पड़ी है। विडंबना ही है कि केंद्र व राज्य सरकारों ने लंपी महामारी को उतनी गंभीरता से नहीं लिया, जितनी बड़ी यह त्रासदी थी। सबसे दुखद तो यह है कि भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठनों, जो एक गाय की मौत पर हायतौबा मचाया करते थे, की अपेक्षित सक्रियता इस महामारी से बचाव के लिये नजर नहीं आई। देश में गोवध के खिलाफ बवाल करने वाले संगठन भी इस दौरान उम्मीद के अनुरूप सक्रिय नहीं दिखे। पर्याप्त पशु चिकित्सालयों का अभाव नजर आया। जो गिने-चुने अस्पताल थे भी, वहां पर्याप्त डॉक्टर व चिकित्साकर्मी नजर नहीं आये। राष्ट्रीय स्तर पर जो पहल व तेजी प्रतिरोधक टीके व दवा की उपलब्धता के लिये दिखाई देनी चाहिए थी, नहीं दिखी। बेजुबान गोवंश तड़फ-तड़फ कर दम तोड़ता रहा।

> **सवाल उठता है कि जब लंपी महामारी के चलते बड़ी संख्या में गौवंश की क्षति हुई है तो क्षेत्र में दूध व इससे जुड़े उत्पादों की भारी मांग के बीच अन्य राज्यों को इसकी सहज आपूर्ति संभव हो पाएगी? निस्संदेह, राज्य में गौवंश की महामारी से बड़ी त्रासदी उपजी है। दुग्ध उद्योग से जुड़े किसानों व डेयरियों को भारी क्षति उठानी पड़ी है।**

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### बिगड़ी बनाना

*सम्प्रच्यवध्वमुप सम्प्रयाताग्ने पथो देवयानान् कृणुध्वम्।*
*पुनः कृण्वाना पितरा युवानान्वातांसीत् त्वयि तन्तुमेतम्।* य 15.53

बनी को बिगाड़ना सरल है किन्तु बिगड़ी को बनाना कठिन है। बनी को बिगाड़ने के लिए किसी विशेष कौशल की आवश्यकता नहीं होती है किन्तु बिगड़ी को बनाने के लिए उत्कट कर्मकुशलता की आवश्यकता होती है। बनी को बिगाड़ने में देर नहीं लगती है किन्तु बिगड़ी को बनाने में बहुत समय लगता है। बनी को बिगाड़ने में बहुत श्रम नहीं करना पड़ता है किन्तु बिगड़ी को बनाने के लिए दीर्घ-सुदीर्घ साधना करनी पड़ती है। आसुरी वृत्ति को तो मनुष्य अनायास ही प्राप्त हो जाता है, और आसुरी वृत्ति से युक्त होकर वह बने-बनाए खेलों को क्षण-भर में यों ही बिगाड़ देता है। परन्तु दैवी वृत्ति से निष्पन्न होने के लिए उसे प्रबल प्रयास करना पड़ता है, और दैवी वृत्ति से युक्त होकर बिगड़े खेलों को फिर से बनाने के लिए पर्याप्त समय तक तप, श्रम और अध्यवसाय करना पड़ता है। और इसमें भी संदेह नहीं कि व्यक्ति हो वा समाज, परिवार हो वा संस्था, राज्य हो वा राष्ट्र, सब कोई स्वयं ही अपना भाग्यविधाता है। प्रत्येक स्वयं ही अपने सौभाग्य वा दुर्भाग्य का निर्माता है, और स्वयं ही अपनी बनी को बिगाड़नेवाला वा अपनी बिगड़ी को बनानेवाला है।

**आज का विचार** –डॉ. विनोद दीक्षित

### भगवान का भक्त

जिसका भीतर और बाहर सामान हो गया है वह भक्त है, कहने का अभिप्राय यह है कि जब आंखें बंद करके देखता है तो उसे परमात्मा के दर्शन होते हैं उसी प्रकार आंखें खोल कर संसार को देखता है तो उसमें भी परमात्मा के दर्शन होते हैं ।वह बाह्य जगत की प्रत्येक वस्तु में भगवान के अस्तित्व का अनुभव कर आनंद में विभोर होकर आंखें खोलता है और आंखें मूंदने पर भी केवल परमात्मा की मूर्ति को देख कर आनंद मगन हो जाता है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

### गौरतलब गुतारेस की बातें

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारत पहुंचते ही जो टिप्पणी की, उससे यह अंदाजा लगता है कि आज दुनिया की मुख्यधारा भारत को किस नजर से देख रही है। गुटारेश एक आधिकारिक पद पर हैं। इसलिए वे जो कहते हैं, उसे एक तरह से संयुक्त राष्ट्र का बयान भी समझा जाता है। इसीलिए उनकी बातों को सिरे से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, हालांकि भारतीय मीडिया के ज्यादातर हिस्से में ऐसे ही किया गया है। गौरतलब है कि गुटरेश की यात्रा की शुरूआत मुंबई से हुई। उन्होंने मुंबई के होटल ताज पैलेस में 26/11 के आतंकवादी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वहां उन्होंने कहा कि कोई भी कारण आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकता। मुंबई की घटना को उन्होंने इतिहास की सबसे बर्बर आतंकवादी हमलों में एक बताया। इसके बाद वे आईआईटी बॉम्बे के छात्रों को संबोधित करने गए। वहां उन्होंने भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की सीख दी।कहा- मानवाधिकार परिषद के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उसे बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। इस प्रश्न पर देश में आत्म-मंथन होना चाहिए।

**कोमल पात्रा, नई दिल्ली**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

## किसने क्या कहा...



आतंकवाद मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता, इंटरपोल की भूमिका बहुत अहम : अमित शाह



काशी, उज्जैन, अयोध्या अपने गौरव को फिर प्राप्त कर रहे हैं : मोदी




शिवराज पाटिल की भगवद गीता टिप्पणी अस्वीकार्य है। भगवद गीता भारतीय सभ्यता का मौलिक स्तम्भ है : जयराम रमेश



निर्दोष नागरिकों की हत्या को न्यायोचित ठहराने वालों के खिलाफ आने वाले दिनों में होगी कार्रवाई : मनोज सिन्हा

## कार्टून...




# विश्व हित में विकास का प्रकृति से तालमेल

**जैव विविधिता पर संकट**

**डॉ. शशांक द्विवेदी**

हाल में ही विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा जारी नयी रिपोर्ट 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2022' के अनुसार वैश्विक स्तर पर 1970 से 2018 के बीच 48 वर्षों के दौरान वन्य जीवों की आबादी में 69 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। स्तब्ध कर देने वाली बात है कि नदियों में पाये जाने वाले जीवों की करीब 83 फीसद आबादी अब नहीं बची है। 1970 के बाद फिशिंग 18 गुना बढ़ी है जिससे शार्क की आबादी में औसतन 71 फीसद की कमी दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जैव विविधता में सबसे ज्यादा नुकसान दक्षिण अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में दर्ज किया गया है जहां वन्यजीवन में 94 फीसदी की गिरावट आई है। अफ्रीका में 66 फीसदी, एशिया और पैसिफिक इलाके में 55 फीसदी, उत्तरी अमेरिका में 20 फीसदी, यूरोप और मध्य एशिया में 18 फीसदी की रिकार्ड गिरावट दर्ज की गई है। मीठे पानी की मछली, सरीसृप और उभयचरों में पैटर्न सबसे अधिक स्पष्ट था। लिविंग प्लैनेट इंडेक्स (एलपीआई) में वन्यजीवों की 5230 प्रजातियों के 32,000 जीवों की आबादी का विश्लेषण किया है। यह इंडेक्स पिछले 50 वर्षों से स्तनधारी जीवों, पक्षियों, मछलियों, सरीसृपों और उभयचरों की आबादी को ट्रैक कर रहा है। साल के अंत में दुनिया के कई देश मॉन्ट्रियल में जैव विविधता की रक्षा के लिए एक नयी वैश्विक योजना तैयार करने के लिए मिलने वाले हैं। एक सच्चाई यह भी है कि जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के जितने भी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और कार्यक्रम होते हैं, उनमें विकासशील और विकसित देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर विवाद होता है। विकसित देश अधिक जिम्मेदारी उठाना नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि विकासशील देश ही दुनिया में गर्म होती जलवायु, कम होते जंगलों, विलुप्त होते प्राणियों, प्रदूषित होती नदियों, सभी को बचाने का काम करें। इन कामों के लिए वे पर्याप्त आर्थिक मदद देने के लिए भी तैयार नहीं हैं। जैव विविधता के लिए आधुनिक विकास और प्रकृति संरक्षण दोनों के बीच तालमेल बैठाना बहुत जरूरी है नहीं तो इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा।

वास्तव में कोरोना का वैश्विक संकट इसका ही नतीजा था और अभी भी बरकरार है। जीव-



जंतुओं और पौधों की लगभग 50 प्रजातियां रोजाना विलुप्त हो रही हैं इसलिए अब पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण किया जाना जरूरी है। हमारे पूर्वज पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक प्रबंधन में माहिर थे। उनके संस्कार जनित प्रयासों से ही हम जैव विविधता बचा पाये हैं और प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए सबकी जरूरत पूरी करते रहे। पर्यावरण का निरंतर क्षरण रोज की बात है पर अब तो दुनिया भर में पाये जाने वाले पेड़-पौधों और जीव-जन्तुओं की करीब एक तिहाई प्रजातियां भी विलुप्त होने के कगार पर हैं। जनसंख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, वहीं मानव अन्य जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को नष्ट कर उनकी जगह भी पसरता जा रहा है। जैव विविधिता संरक्षण बिना विकास का कोई महत्व नहीं है।

लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट के अनुसार, ताजे पानी के इलाकों में जैव विविधता में ज्यादा कमी आई है। ताजा पानी धरती के महज एक प्रतिशत हिस्से पर मौजूद है। मगर दुनिया की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी ताजे पानी के 3 किलोमीटर के दायरे के अंदर रहती है। ऐसे में मानव की बढ़ती आबादी का दबाव बाकी जीवों पर आयेगा ही। इसी दबाव के कारण जलचरों की आबादी में 83 प्रतिशत की कमी आई है।

जंगलों की ग्लोबल वार्मिंग को रोकने की भूमिका के बारे में सभी जानते हैं। दुनियाभर के जंगल वातावरण से 7.6 गीगाटन कार्बन डाई ऑक्साइड सोखते हैं जो मानव गतिविधियों से दुनिया में पैदा हुई कार्बन का 18 प्रतिशत होती है। जंगल कुल मिलाकर इस धरती को 0.5 डिग्री ठंडा रखते हैं। मगर इसके बावजूद हम 10 मिलियन हैक्टेयर जंगल हर साल खो देते हैं यानी हर साल एक पुर्तगाल खो रहे हैं।

भारत में सबसे ज्यादा जैव विविधता है। इसके संरक्षण की दिशा में काम करना जरूरी है। देश की आधी आबादी को कृषि से रोजगार मिल रहा है। हमारी सोच होनी चाहिए कि जीव-जंतुओं का महत्व हमसे कम नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने भी कहा है कि सभ्यता और संस्कृति का बड़ा महत्व है। दुनिया को मिलकर यह प्रयास करना चाहिये कि कौन सा प्रयास बेहतर है जिसको और जगह भी अपनाया जा सके। विश्व की बढ़ती आबादी की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में कृषि जैव विविधता के संरक्षण से टिकाऊपन बनाये रखने के लिए अब ठोस प्रयास जरूरी हैं।

## उपदेश

एक दिन आनंद स्वामी महात्मा गांधी के साथ यात्रा पर थे। इस दौरान एक सामान्य व्यक्ति के साथ आनंद स्वामी की बहस हो गई। आम व्यक्ति ने किसी बात को लेकर कोई टिप्पणी की तो आनंद स्वामी ने उसे थप्पड़ मार दिया। वह व्यक्ति बहुत सामान्य था। इस कारण थप्पड़ खाने के बाद एक तरफ खड़ा हो गया। वह आनंद स्वामी से कुछ बोल भी नहीं सकता था। कुछ देर बाद ये बात गांधी जी तक पहुंची। गांधी जी चाहते तो इस बात को नजरअंदाज करके आगे बढ़ सकते थे, लेकिन उन्होंने आनंद स्वामी से पूछा, 'क्या तुमने उस व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया?' आनंद स्वामी ने जवाब दिया, 'हां, उस समय में गुस्से में था और मेरा हाथ उस पर उठ गया।' गांधी जी बोले, 'ठीक है, उस समय तुम गुस्से में थे, लेकिन अब तो तुम्हारा गुस्सा शांत हो गया है, जाओ और उससे माफी मांगो।' आनंद स्वामी को ये बात ठीक नहीं लगी कि एक सामान्य व्यक्ति से माफी मांगनी होगी, लेकिन गांधी जी का आदेश था तो आनंद ने उस व्यक्ति से माफी मांग ली। बाद में गांधी जी ने उनसे पूछा, 'अब कैसा लग रहा है?' आनंद स्वामी बोले, 'हल्का लग रहा है। मैंने जो किया वह ठीक नहीं था, लेकिन माफी मांगने के बाद थोड़ा अच्छा लग रहा है।' गांधी जी ने उससे कहा, 'कभी भी ये मत सोचना कि तुम खास हो और दूसरा आम है। परमात्मा के लिए सभी मनुष्य समान हैं। आम और खास तो हम बनाते हैं, लेकिन फिर भी शिक्षा, पद, प्रतिष्ठा और मेरे साथ रहने के कारण तुम विशिष्ट हो गए तो कभी ये मत सोचना कि दूसरे लोग सामान्य हैं। आत्मा का सम्मान सभी के लिए बराबर है।'

> **वह व्यक्ति बहुत सामान्य था। इस कारण थप्पड़ खाने के बाद एक तरफ खड़ा हो गया। वह आनंद स्वामी से कुछ बोल भी नहीं सकता था। कुछ देर बाद ये बात गांधी जी तक पहुंची। गांधी जी चाहते तो इस बात को नजरअंदाज करके आगे बढ़ सकते थे, लेकिन उन्होंने आनंद स्वामी से पूछा, 'क्या तुमने उस व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया?'**

## नाली व गली की खुद सफाई करते हैं वार्ड वासी



अमर ख्याल ब्यूरो

रूपईडीहा ( बहराइच ) रूपईडीहा नगर के वार्ड नंबर 8 में नाली और गली की सफाई लोग खुद करते हैं। सफाई कर्मियों का दर्शन पर्व-त्यौहार के मौके पर ही कभी कभी मिलता है। गलियों की नाली चोक होने की वजह से नालियां बजबजा रही हैं। नालियों का कचरा नहीं निकाले जाने के कारण लोगों को अपने से ही नाली साफ करनी पड़ती है। रूपईडीहा के नगर पंचायत होने से पहले ही चली आ रही साफ सफाई की समस्याओं से निदान पाने की उम्मीद भी टूट चुकी है। गुरुवार को वार्ड की नाली की सफाई करवाने वाले एजाज हलवाई ने बताया की ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव लगातार जीतते आ रहे हैं लोगों ने समाधान की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया इसलिए मजबूरी में हम लोगों को नाली की सफाई स्वयं से करानी पड़ रही है । बरसात के समय में गंदा पानी लोगों के घरों में घुसता है जिम्मेदारों से कहने के बावजूद समस्याएं लगातार जस की तस बनी हुई है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए वार्ड वासी खुद से सफाई करवाने के लिए विवश है

## पूर्व सीएम को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता

**बहराइच ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को समाजवादी कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजली दी बाबागंज में आयोजित श्रद्धांजली सभा में पूर्व विधायक शब्बीर अहमद बाल्मीकि,दिलीप वर्मा, पूर्व प्रमुख मोड्ड रफी,पूर्व प्रधान जुबेर,हरीश वर्मा,अहमद,प्रधान राकेश पाठक,आनंद पाठक,इरशाद,अकील अहमद,जवाहर लाल यादव,पप्पू यादव,साहिल,उत्तम सहित जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे

## स्थानीय निकाय चुनाव के लिए सक्रिय हुई बीजेपी
### वार्ड स्तर की रणनीति बनाने के लिए हुई बैठकें



अमर ख्याल

रूपईडीहा ( बहराइच ) उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव अगले कुछ महीनों में हो सकते हैं । इसके लिए भारतीय जनता पार्टी रणनीति बनाने में जुट गई है । बीजेपी निकाय चुनाव की रणनीति बनाने के लिए रुपईडीहा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र ने की । जिसमें निकाय और वार्ड स्तर तक की रणनीति बनाते हुए सभी वार्डों में प्रभारी नियुक्त किए गए । रूपईडीहा नगर निकाय चुनाव जीतने के लिए किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ जीतू को निकाय का प्रभारी बनाया गया है व स्थानीय मंडल के देवेंद्र पाठक को चुनाव संयोजन का जिम्मा सौंपा गया है । इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गौड़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ जीतू ,किसान मोर्चा जिला महामंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह, मंडल प्रभारी महामंत्री भाजपा राघवेंद्र प्रताप ,ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, निकाय चुनाव संयोजक देवेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्र, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, मंडल महामंत्री विजय त्रिपाठी, व्यापार प्रकोष्ठ के अंजनी मित्तल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, विजय सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू , विशाल शुक्ला,अशोक मिश्रा ,संतोष कुमार वर्मा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समाजवादी पार्टी कार्यालय गैसड़ी में आयोजित



अमर ख्याल अनीक अहमद

**गैसड़ी बलरामपुर** में समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समाजवादी पार्टी कार्यालय गैसड़ी में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जी विधायक गैसड़ी डॉ एसपी यादव रहे । प्रदेश स्तर से जारी सूची के अनुसार शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया नेता जी मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा के पदाधिकारियों ने भाग लिया उक्त सभा का संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख युवा नेता राकेश यादव ने किया सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विधायक गैसड़ी डॉ एसपी यादव ने नेता जी के पुराने बातों की चर्चा करते हुए भावुक हो गये और अपने आंसू न रोक सके लोकदल व जनता पार्टी के दौर से चर्चा प्रारम्भ की इस श्रधंजलि सभा में राकेश यादव,नन्दकुमार पाण्डेय,सफीउल्ला,जिला पंचायत सदस्य शाहबाज खान,प्रधान शाहबाज खान,महबूब खान हलीम खा,अमरनाथ वर्मा,ब्लाक अध्यक्ष अ अहद,शिशुपाल यादव,हासिम खान आदि ने संबोधित किया

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव
### युवक की आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं

**देवा शरीफ।** देवा थाना के दोषीपुर गांव एक घर में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के हुक से रस्सी से लटका मिला। शव देख कर घर में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। युवक द्वारा आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। देवा थाना के ग्राम दोषीपुर निवासी पंकज ( 25 ) का शव शुक्रवार की सुबह घर में उसके कमरे में छत में लगे पंखे के हुक से रस्सी से लटका मिला। देर तक जब पंकज नहीं दिखा तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे। शव को फांसी पर लटका देख कर घर में चीख पुकार मच गई। घर में मची चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पंकज द्वारा फांसी लगाए जाने से सभी हतप्रभ थे। पंकज ने फांसी क्यों लगाई इसका कारण स्पष्ट नहीं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। दरोगा बृजेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।

## गाय के गोबर से रंगोली बनाकर इस बार दीवाली का त्योहार बनाने का संकल्प : अंकित शुक्ला

अमर ख्याल

पीलीभीत । भारतीय किसान मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संगठन मंत्री अंकित शुक्ला के द्वारा एक अद्भुत पहल रोशनी के पर्व दीवाली पर घरों की साफ-सफाई के साथ ही हर कोई अपने-अपने तरीके से आकर्षक सजावट भी करता है इसमें घर के आंगन, बाहर रंगोली और दीपों से सजावट भी देखते ही अगर आप दीपावली के त्योहार को खास बनाना चाहते हैं तो आइए इस बार भारतीय किसान मंच आप सबके



लिए गाय के गोबर के बुरादे से रंगोली बनाकर मनाई जाए इसका मौका देता है सेल्फी विद रंगोली कांटेस्ट में भाग लेकर आप आकर्षक उपहार भी जीत सकते हैं दीपावली पर घरों में महीने भर पहले से ही तैयारियां शुरू हो जाती हैं हर कोई इस दिन को यादगार बनाने में लगा रहता है ऐसे में अंकित शुक्ला की ओर से उन्नाव के साथ ही गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, आजमगढ़, बलिया, मऊ, भदोही, मिजार्पुर, सोनभद्र, गाजीपुर, पाठकों के लिए सेल्फी विद रंगोली कांटेस्ट का आयोजन किया गया है इसमें आप अपने घर के आंगन और बाहर रंगों और दीपों से गाय के गोबर से निर्मित रंगोली बनाकर भाग ले सकते हैं इसमें आपके द्वारा भेजी गई तस्वीर रंगोली के साथ 24 अक्टूबर तक भेज सकेंगे सेल्फी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आपको रंगोली के साथ अपनी सेल्फी लेकर उसे भेजनी होगी सेल्फी भेजने के साथ अपना नाम पता मोबाइल नंबर और शहर का नाम लिख कर अंकित शुक्ला के व्हाट्सएप नंबर 6393356055 पर 24 अक्टूबर तक भेज सकते हैं

## बाराबंकी-बाइक व साइकिल में टक्कर, तीन घायल

बदोसराय सफदरगंज मार्ग पर कीढी पुरवा गांव के रहने वाले राकेश वर्मा खाद लेने के लिए साइकिल से दुकान जा रहे थे। इसी बीच सैदनपुर मस्जिद के समीप पीछे से आ रही बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल व बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। हादसे में साइकिल सवार राकेश का सिर फट गया।

## बहुजन समाज का बेटा वेद प्रकाश बना खंड विकास अधिकारी



अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में एक बार फिर बहुजन समाज के बेटा ने जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस परीक्षा 2021 में अंतिम रूप से खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद चयनित हुए बहुजन समाज के वेद प्रकाश पुत्र गंगाराम निवासी गोविंद पुर मथुरा का पीसीएस में चयनित होने पर उनके निज निवास पर बंधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है इसके बाद भी सोशल मीडिया पर भी बधाई देने का दौर चल निकला। अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार (आरपी सिंह राठौर) से बातचीत में वेद प्रकाश ने बताया कि ये उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पहला इंटरव्यू था जिसमें सफलता प्राप्त की है। लंबे संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद सफलता प्राप्त की है। वेद की हाईस्कूल कान्हा माखन पब्लिक स्कूल व इंटरमीडिएट जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज मथुरा जिसमें वो शुरू से ही कक्षा में अव्वल नंबर पर रहे हैं इसके बाद ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किशोरी रमन महाविद्यालय मथुरा से शिक्षा प्राप्त की जिसमें उनके क्लास अध्यापक उनकी कड़ी मेहनत को देखते तो उनको आगे बढ़ने में प्रोत्साहित किया करते थे। वेद ने बताया मेरी सफलता के पीछे मेरे बड़े भाई मास्टर जयपाल सिंह का सर्वाधिक योगदान है, साथ ही मेरे माता पिता का विश्वास, गुरुजनों का आशीर्वाद, मित्रों का साथ और सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। वेद के परिवार में माता-पिता के साथ 5 भाई और 1 बहन है। जिसमें दो भाई और एक भाभी अध्यापक हैं जोकि मथुरा में ही नियुक्त हैं। माता गृहणी हैं पिता किसान हैं। पिता ने कड़ी मेहनत की और भाइयों ने ही मुझे पढ़ाया है। सबसे बड़े भाई विजयपाल सिंह राजमिस्त्री ठेकेदार हैं। इसके उपरांत वेद ने कहा आईएएस पीसीएस संस्थान निजामपुर हापुड़ के केंद्र प्रभारी रिंकू सिंह राही सर के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन में तैयारी करने के कारण ही यहां पहुंच पाया हूं। वेद की आंखों में खुशी आते ही बताया कि वर्तमान समाज के युवाओं को शिक्षा पर अग्रसर ध्यान देना होगा ताकि हम समाज को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकें उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा यह कथन आज उन्होंने कर दिखाया। वेद ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, अध्यापक के साथ उन सभी को देना चाहा है जिन्होंने उसे मोटिवेट किया और समय समय पर उचित मार्गदर्शन दिया। उनका कहना है कि लगन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा में वितरित किये गये टैबलेट



अमर ख्याल मसरूर अली

**पचपेड़वा बलरामपुर** में टैबलेट वितरण कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान बोलते हुये कहा कि सबको हुनर सबको काम, कुशल भारत, कुशल कारीगर का सपना तभी होगा साकार जब हर हाथ को काम के साथ-साथ कार्य करने वाले उपकरण व मशीनरी आम जनता तक पहुॅच जायेगी। ऐसा सपना उ0प्र0 सरकार के द्वारा साकार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद के तीनों संस्थानों के 493 अभ्यर्थियों को टैबलेट वितरित किया जाना था, जिसमें 27 टैबलेट मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार, इंस्ट्रक्टर द्वारा किया गया।टैबलेट वितरण कार्यक्रम के समय प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोविन्द कुमार, कार्यदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठ, रामकुमार गुप्ता, सत्येन्द्र कुमार, अनुदेशक कैलाश कुमार राय, विमल कुमार द्विवेदी, बलवीर सिंह, अमित कुमार भारती, अजय कुमार चतुवेर्दी, ओमकार सिंह, राकेश चन्द्र यादव, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, बृजभान सिंह, लालजी गुप्ता मौजूद ।

# होटल रायल ब्लू स्टार कैफे में हुई हत्या के प्रकरण में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**कोरांव, प्रयागराज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार व क्षेत्राधिकारी मेजा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोरांव धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र कोरांव के होटल रॉयल ब्लू स्टार कैफे में हुई हत्या के संबंध में थाना कोरांव में पंजीकृत मुकदमा मे नामजद वांछित अभियुक्त मनीष प्रताप सिंह उर्फ लाला सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह, निवासी ग्राम छड़गड़ा, थाना कोरांव जनपद प्रयागराज, उम्र 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को ग्राम छड़गडा थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद गुप्ती (छुरा) बरामद किया गया। आलाकत्ल की बरामदगी के सम्बन्ध मे आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ विवरण.....**



पूछताछ में अभियुक्त मनीष प्रताप सिंह उर्फ लाला सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम छड़गड़ा थाना कोरांव प्रयागराज ने बताया कि वह कोरांव स्थित अपने चाचा के रॉयल ब्लू कैफे में देख-रेख का कार्य करता था। बुधवार को समय लगभग 11 बजे दिन में दो लड़कियां आयी और केबिन मे बैठकर नाश्ते का आर्डर दिया तब उसने अपने कारीगर राका व देवदत्त से नाश्ता बनाने को कहा। इतने मे मनीष का परिचित हिमांशु मिश्रा निवासी राजापुर कोरांव आया और लड़कियों से कुछ बात करने लगा तथा उस पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगा। इस बात को लेकर हिमांशू व उसमे कहा सुनी हो गयी। हिमांशु मिश्रा द्वारा फोन करके कैफे मे 5-6 लड़के और बुला लिये गये, जिसमें एक लड़का उत्तम द्विवेदी(मृतक) पुत्र रामबली द्विवेदी निवासी ग्राम पड़रिया थाना कोरांव प्रयागराज था, जो मेरे साथ हाथापाई करने लगा। आवेश मे आकर मैंने अपने काउन्टर में रखी गुप्ती (छुरा) को निकालकर उसके सीने पर कई वार किये, जिससे उत्तम द्विवेदी दीपक स्वीट हाउस की तरफ सीढ़ी पर गिर गया। इसके बाद मै मौके से भाग गया तथा गुप्ती (छूरा) अपने गाँव जाने वाले रास्ते मे बांस की कोठी मे छिपा दिया


## दीपावली, गोवर्धनपूजा, भैया दूज, छठपूजा व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ट्रैफिक प्लान जनपद रामपुर

अमर ख़्याल। राहूल कुमार

रामपुर।आगामी त्यौहार दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र रामपुर में यातायात व्यवस्था के लिए 20.10.2022 से 27.10.2022 तक सुगम एवं सुदृढ बनाये रखने हेतु ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है जो कि निम्नवत हैः-(1)किला पश्चिमी गेट से मार्केट की और आने वाले ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।2- किला पूर्वी गेट से मार्केट की और आने वाले ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।3- चौकी हजियानी की तरफ से आने वाले ई-रिक्शा मोटर साईकिल, चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे। 4- एस0बी0आई0 तिराहा से मार्केट की और आने वाली ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे। 5- चौकी चौक चौराहा से मार्केट की और आने वाली ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहगे

**भारी वाहन के लिए पूर्ण प्रतिबन्धित**

1 - कोसी पुल से भारी वाहनों का शहर के अन्दर प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। 2- शाहबाद बाईपास पुल के नीचे से शहर मे भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 3- पनवडिया से मालगोदाम तिराहा की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। 4- जौहर की



पुलिया से शहर के अन्दर भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 5- तोपखाना चौराहा से गांधी समाधी व बापू माल की तरफ भारी वाहन प्रतिबिन्धित रहेगे। 6 - बरेली गेट से मालगोदाम तिराहे की तरफ भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 7 - राधा टाकिज के सामने से राधा रोड की तरफ भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 8 - मालगोदाम तिराहे से अम्बेडकर पार्क की ओर जाने वाला भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगा

**अन्य डयूटी**

1 रेलवे स्टेशन के सामने वाले बाजार में हल्के वाहन प्रतिबन्धित 2 - सिविल लाईन 3- ज्वालानगर तिराहा 4 - अम्बेडकर पार्क धनतेरस एवं दीपावली पर बाजारों में खरीदारी हेतु आने वाले आमजन के लिए वाहनों को खड़ा करने हेतु निम्न पार्किंग स्थलो का चिन्हीकरण किया गया है-1. एस0बी0आई0 के सामने नाहिद सिनेमा हाल में पार्किंग 2.सरार्फा मार्केट के सामने जच्चा बच्चा केन्द्र मे पार्किंग 3. किला पूर्वी गेट के सामने पान दरिवा मे पार्किंग 4 किला पश्चिमी गेट के सामने पुरानी तहसील मे पार्किंग 5. महिला डिग्री कालेज के सामने किले मे पार्किंग यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए बैरियर/रूट डायवर्जन की व्यवस्था निम्न प्वाईन्टो पर कि गयी है। -1 किला पश्चिमी गेट से बापू माल व जेल रोड की तरफ 2 किला पूर्वी गेट से बासमण्डी व गुईयातालाब की ओर 3 एस0बी0आई0 तिराहा से जिला चिकत्सालय की ओर 4 चौकी चौक चौराहा से दौमहला रोड व हाथी खाने की ओर यातयात व्यवस्था के लिए किला पश्चिमी गेट किला पूर्वी गेट व एस०बी०आई0 तिराहा से ई-रिक्शा/चार पहिया वाहनों का रूट डायर्वजन। कार्तिक पूर्णिमा के सम्बन्ध मे जनपद अमरोहा मे तिगरी में लगने वाले मेले कारण रामपुर में कोसीपुल, अजीतपुर बाईपास, शाहाबाद बाईपास पुल के नीचे से व मिलक धमोरा कट से रूट डायवर्जन करने का प्रवधान है।

## जनपद में राज्य मंत्री समाज कल्याण ने बाढ़ प्रभावितों को बाटी राहत सामग्री किट



अमर ख्याल अहमद रजा

**बलरामपुर** जनपद में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण जी द्वारा तहसील तुलसीपुर के ग्राम लौकहवा में बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री किट वितरित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस दैवीय आपदा के समय सभी पीड़ित परिवारों के साथ सरकार खड़ी है, सभी को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। जिन परिवारों में जनहानि हुई है, उनको 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्री जी ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान की जाएगी। कृषको को फसल नुकसान का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। जिनके घर का नुकसान हुआ है, उनको मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। बाढ़ प्रभावितों को कृषि का पट्टा भी प्रदान किया जाएगा। इसके उपरांत मंत्री जी द्वारा ग्राम बेतहनिया में थारू जनजाति के लोगों को वनाधिकार प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्र, जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर, जनप्रतिनिधि गण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भाकियू (चढ़ूनी) ने स. सतनाम सिंह को बनाया जिला सचिव



अमर ख्याल , राहुल कुमार

**रामपुर ।** भोट भारतीय किसान यूनियन ( चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स. गुरनाम सिंह चढ़ूनी की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष स. गुरचरन सिंह सिद्धू ने माटखेड़ा निवासी स. सतनाम सिंह को जिला सचिव एवं जगबिंदर सिंह बाजबा को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया हैं भारतीय किसान यूनियन ( चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स० गुरनाम सिंह चढ़ूनी की संतुस्ती पर भाकियू के जिलाध्यक्ष स० गुरचरन सिंह सिद्धू ने स. सतनाम सिंह को भाकियू का जिला साचिव एवं जगविंदर सिंह बाजबा को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया है` इस दौरान नवागत जिला सचिव ने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने के लिय युवाओं को साथ लेकर चलेंगे और किसानों की लड़ाई को लेकर उनकी आवाज को बुलंद किया जायेगा` कहा की किसी भी हालात में किसानों पर अत्याचार सहन नहीं किया जायेगा` कहा कि किसानों कि लड़ाई को लेकर वह उनके कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ चलेंगे इस दौरान भाकियू के कार्यकताओं ने नवागत पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत कियो

## पुलिस ने दो युवकों को पकड़ कर जेल भेजा




अमर ख्याल

बदायूँ/अलापुर- जनपद बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ओपी सिंह के कुशल निर्देशन में वांछितअभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना अलापुर पुलिस ने दिन शुक्रवार को दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया अलापुर पुलिस ने आजम पुत्र पप्पू निवासी वार्ड नंबर 9 कस्बा ककराला थाना अलापुर को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया अब्दुल जफर पुत्र महबूब अली निवासी वार्ड नंबर 10 कस्बा और थाना अलापुर जनपद बदायूं को सीआरपीसी भरण पोषण में गिरफ्तार गिरफ्तार किया गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जिला कारागार भेज दिया गया है

## सूर्यकांत मिश्र स्मृति संस्थान की ओर से दीपावली पर बच्चों को फल मिठाई वितरण किया गया



अमर ख्याल, सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) दीपावली के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 19 के बच्चों एवं उनकी माताओं को फल एवं मिठाई वितरित का कार्यक्रम आयोजित हुआ है इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र श्री दिलीप यादव जी के हाथों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ संस्थान के अध्यक्ष पंकज मिश्रा के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक दिन किए जाते हैं जनपद वासियों ने इसकी भूरि भूरि प्रशंसा की श्री सूर्यकांत मिश्र रायबरेली जनपद के बहुत ही लोकप्रिय व्यक्ति रहे हैं सभी जाति वर्ग धर्म के लोगों का स्नेह उन्हें प्राप्त था उन्हीं के सपनों को आगे बढ़ाने का बेड़ा उनके पुत्र पंकज मिश्र ने उठाया है और वह बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं इससे जिले के संभ्रांत गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की

## गुरुकुल महाविद्यालय हलोर मे रंगोली अभिनंदन कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



अमर ख्याल, सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) गुरुकुल महाविद्यालय में रंगोली एवं अभिनंदन कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन । क्षेत्र के गुरुकुल महाविद्यालय हलोर पुरासी मे रंगोली अभिनंदन कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने विभिन्न कलाकृतियों की रंगोली बनाई एवं सुंदर रंगों से सजाया और छोटे छोटे बच्चों द्वारा बड़े मनमोहक बधाई संदेश कार्ड बनाए गए जिन का निरीक्षण विद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा द्वारा किया गया विद्यालय उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा ने बताया विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है जिससे बच्चे समय समय पर अपना हुनर दिखाते रहते हैं। अध्यापकों द्वारा बच्चों द्वारा की गई कलाकृति का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया गया और विद्यालय उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया । इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका सहित बच्चे उपस्थित रहे

## सड़क पर सामने कुत्ते के आ जाने से बाईक सवार गिरकर घायल,पैर में हुआ फ्रेक्चर



संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

**कर्नलगंज(गोण्डा)** स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा कर्नलगंज के सकरौरा चौराहे पर गुरुवार की रात्रि में एक व्यक्ति की बाईक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से बाईक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसमें उनका दायाँ पैर फ्रेक्चर हो गया। लोगों द्वारा उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया गया,जहाँ डाक्टर द्वारा गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा कर्नलगंज स्थित सकरौरा चौराहे के पास गुरूवार की रात्रि की है। राम धीरज निवासी पिपरी रावत मजरा बैरागी पुरवा जो बाईक से अपने लड़की को लड़की के ससुराल छोड़ने गए थे और लड़की को छोड़ कर घर वापस लौट रहे थे कि तभी कर्नलगंज कस्बे के सकरौरा चौराहा पर अचानक उनकी बाईक के सामने कुत्ता आ जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें उनका दायाँ पैर फ्रेक्चर हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में उन्हें सीएचसी कर्नलगंज ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा गोंडा के लिए रेफर कर दिया गया।

## बिना पंजीकरण धड़ल्ले से संचालित हो रहे मोटर गैरेज

**बाराबंकी।** जिले में बिना मान्यता के खुले मोटर गैराज वाहन स्वामियों की जेब ढीली तो कर ही रहे और विभाग में पंजीकरण न कराने से राजस्व को भी चूना लगा रहे हैं। यही हाल जिले भर में खुले दर्जनों डेंटिंग पेंटिंग की दुकानों का है। गैरेज व मोटर पेंडिंग की दुकानों का कोई लेखा जोखा विभाग के पास नहीं है। वाहन स्वामियों से मनमाना पैसा वाहन मरम्मत और सर्विसिंग के नाम पर वसूला जा रहा है। विभाग के पास इनका को डेटा न होने से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। परिवहन विभाग को पता कितने हैं गैराज : जिले में कार, बस, ट्रक, ट्रैक्टर समेत चार पहिया से लेकर 12 चक्का के बिगड़ जाने, सर्विस करने के दर्जनों मोटर गैरेज जगह जगह खुले हैं। परिवहन विभाग से इनकी मान्यता होनी चाहिए। लेकिन जिले में एक भी मोटर गैराज ऐसा नहीं जिसने परिवहन विभाग से मान्यता ले रखी हो। वहीं विभाग भी इनकी चेकिंग करके पंजीकरण है

# जिलाधिकारी ने तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) हॉस्पिटल का निरीक्षण किया

### ब्लड बैंक पैथौलॉजी सेंटर सहित डेंगू वार्डों में भर्ती मरीजों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली

अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी



प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) एवं ब्लड बैंक बेली का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बेली में स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्टोर किए गए प्लेटलेट्स का निरीक्षण किया तथा कितने तापमान पर रखा जाता है तथा प्रतिदिन कितने पलेटलेट्स की डिमांड है तथा कितने प्लेटलेट्स दिए जा रहे है, उसके रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए है तथा मरीज का नाम तथा रिफर किए डॉक्टर का नाम सहित अस्पतालों का नाम भी रजिस्टर पर अंकित किया जाये। उन्होंने प्रतिदिन कितने यूनिट दिये गये तथा किन अस्पतालों से कितना मांग आया है, वहां गम्भीर रोगियों की संख्या तथा स्थिति का पूरा विवरण रखा जाये। जिलाधिकारी ने पैथोलाजी वार्ड का निरीक्षण करते हुए प्रतिदिन कितने सैम्पल आ रहे है, की जानकारी ली तथा पैथोलाजी वार्ड में हो रही जांचों को कम्प्यूटर के माध्यम से स्वयं चेक किया कि कोई जांच लम्बित तो नहीं है। उन्होंने वहां पर जांच मशीनों की क्रियाशीलता को देखा तथा बायो केमेस्ट्री मशीन की जानकारी लेते हुए लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता की जानकारी ली, जिसमें लैब टेक्नीशियन हसमुइनुद्दीन की लम्बित पड़े कार्य और अनुपस्थित मिलने पर वेतन रोकेन का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी बेली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आ रहे जांचों की मानीटरिंग ठीक से किया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को प्लेट्लेट्स के लिए फ्रीजरों की संख्या को और बढ़ाये जाने के निर्देश दिये है। इसी क्रम में उन्होंने डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की स्थिति की जानकारी ली तथा मरीजों से प्लेटलेट्स और दवाओं आदि की जानकारी ली। उन्होंने पिछले दिनों की अपेक्षा स्थिति की जानकारी लेते हुए पूछा कि कोई मरीज भर्ती के लिए बाहर तो नहीं है। उन्होंने मरीजों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीजों के पास उसका विवरण रखा जाये, जिससे कि कोई परेशानी न रहे। उन्होंने जिन मरीजों का प्लेटलेट्स कम है उन्हें तत्काल प्लेटलेट्स लगाये जाने का भी निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी नानक शरण, बेली हॉस्पिटल की अधीक्षक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**निन्दूरा (बाराबंकी)।** कस्बा कुर्सी के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। लहुलुहान होकर गिरे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। कुर्सी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के चमारही मजरे अलीनगर करौंदा गांव निवासी मोलहे (60) पुत्र तेजी शुक्रवार को साइकिल से कस्बा कुर्सी पथरी की दवा लेकर वापस घर जा रहे थे। लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर देवा मोड़ के पास मोलहे पहुचे ही थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल मे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी।दुर्घटना मे मोलहे लहुलुहान होकर सड़क पर गिर गए। जब तक राहगीर व कस्बे के लोग एम्बुलेंस को बुलवाते उससे पहले उनकी मौत हो गई। लोगों ने ट्रक को घेरकर ड्राइवर को पकड़ लिया और बाद मे पुलिस को सौंपा।

# बहुजन समाज का बेटा वेद प्रकाश बना खंड विकास अधिकारी



अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में एक बार फिर बहुजन समाज के बेटा ने जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस परीक्षा 2021 में अंतिम रूप से खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद चयनित हुए बहुजन समाज के वेद प्रकाश पुत्र गंगाराम निवासी गोविंद पुर मथुरा का पीसीएस में चयनित होने पर उनके निज निवास पर बंधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है इसके बाद भी सोशल मीडिया पर भी बधाई देने का दौर चल निकला। अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार (आरपी सिंह राठौर) से बातचीत में वेद प्रकाश ने बताया कि ये उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पहला इंटरव्यू था जिसमें सफलता प्राप्त की है। लंबे संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद सफलता प्राप्त की है। वेद की हाईस्कूल कान्हा माखन पब्लिक स्कूल व इंटरमीडिएट जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज मथुरा जिसमें वो शुरू से ही कक्षा में अव्वल नंबर पर रहे हैं इसके बाद ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किशोरी रमन महाविद्यालय मथुरा से शिक्षा प्राप्त की जिसमें उनके क्लास अध्यापक उनकी कड़ी मेहनत को देखते तो उनको आगे बढ़ने में प्रोत्साहित किया करते थे। वेद ने बताया मेरी सफलता के पीछे मेरे बड़े भाई मास्टर जयपाल सिंह का सर्वाधिक योगदान है, साथ ही मेरे माता पिता का विश्वास, गुरुजनों का आशीर्वाद, मित्रों का साथ और सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। वेद के परिवार में माता-पिता के साथ 5 भाई और 1 बहन है। जिसमें दो भाई और एक भाभी अध्यापक हैं जोकि मथुरा में ही नियुक्त हैं। माता गृहणी हैं पिता किसान हैं। पिता ने कड़ी मेहनत की और भाइयों ने ही मुझे पढ़ाया है। सबसे बड़े भाई विजयपाल सिंह राजमिस्त्री ठेकेदार हैं। इसके उपरांत वेद ने कहा आईएएस पीसीएस संस्थान निजामपुर हापुड़ के केंद्र प्रभारी रिंकू सिंह राही सर के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन में तैयारी करने के कारण ही यहां पहुंच पाया हूं। वेद की आंखों में खुशी आते ही बताया कि वर्तमान समाज के युवाओं को शिक्षा पर अग्रसर ध्यान देना होगा ताकि हम समाज को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकें उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा यह कथन आज उन्होंने कर दिखाया। वेद ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, अध्यापक के साथ उन सभी को देना चाहा है जिन्होंने उसे मोटिवेट किया और समय समय पर उचित मार्गदर्शन दिया। उनका कहना है कि लगन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

# 60वीं पेंशन अदालत का आयोजन सम्पन्न

### पेंशन अदालत में कुल 38 वादों को सुना गया, जिनमें से 06 वादों का मौके पर किया गया निस्तारण

अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी

**शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत के निर्देशन पर शुक्रवार को गांधी सभागार में अपर आयुक्त एस0पी0 श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज श्री प्रमोद कुमार सिंह के संयोजकत्व में 60वीं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेंशन अदालत में संबंधित अधिकारियों को सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के समस्त देयकों का भुगतान निर्धारित समय से किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर आयुक्त ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समस्त परिलाभों का नियमानुसार समय से भुगतान कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हो जाने से पूर्व ही उसके देयकों के सम्बन्ध में नियमानुसार समय के अन्तर्गत कार्यवाही प्रचलित कर देनी चाहिए, जिससे समय-सीमा के अन्दर ही सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके लाभ प्राप्त हो सके। पेंशन अदालत में 14 पुराने एवं 24 नये वादों सहित कुल 38 वाद सूचीबद्ध थे, जिनकी सुनवाई करते हुये कुल 06 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पेंशन अदालत में आने वाले प्रकरणो में सक्षम प्राधिकारी नगर भूमि सीमारोपण से सेवा निवृत्त महेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव मानचित्रकार के द्वारा ए0सी0पी0 सुविधा एवं पेंशन संशोधन हेतु दायर वाद में अपर आयुक्त ने सक्षम प्राधिकारी को 15 दिन के अंदर प्रकरण को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी कार्यालय से सेवानिवृत्त महेश कुमार श्रीवास्तव ने ए0सी0पी0 लाभ एवं पेंशन हेतु दायर किए गए वाद में अपर आयुक्त ने अपर मुख्य अधिकारी, नगर पंचायत कौशाम्बी को 15 दिन के अंदर प्रकरण को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय प्रयागराज के कार्यालय से सेवानिवृत्त सुमन द्विवेदी, सहायक अध्यापक के वाद में विभाग के द्वारा बताया गया कि इनके समस्त परिलाभों का भुगतान किया जा चुका है। आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 प्रयागराज कार्यालय के सेवानिवृत्त लेखाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव के प्रकरण को 15 दिन में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया गया है। प्रमुख अधीक्षक स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज कार्यालय से सेवानिवृत्त वाहन चालक कन्हैया लाल के जीपीएफ एवं पेंशन पुनरीक्षण से सम्बंधित प्रकरण को एक माह में निस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रयागराज कार्यालय के सेवानिवृत्त राम भाष्कर मिश्र के पेंशन, एरियर, नगदीकरण एवं अवशेष वेतन के भुगतान से सम्बंधित प्रकरण को एक माह में निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ सम्बंधित पेंशनर उपस्थित रहे

# टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को दोना-पत्तल एवं पापकार्न मेकिंग मशीन का किया गया वितरण

अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी



प्रयागराज। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम औतार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत 10 नग दोना-पत्तल मशीन एवं 8 नग पापकार्न मेकिंग मशीन वितरण किये जाने हेतु प्राप्त हुये थे जिनके वितरण का कार्यक्रम जिला ग्रामोद्योग कार्यालय प्रयागराज में किया गया। इस टूल किट्स वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य रमाशंकर शुक्ल द्वारा आधुनिक पापकार्न मशीन तथा मोटराइज्ड दोना-पत्तल मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी ने अपने सम्बोधन में लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अति पिछड़े वर्गो के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिये कृत संकल्पित है। आज प्रदेश में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार के बहुत सारे अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि मैं आशा करता हूँ कि आप सभी लाभार्थी दिवाली के इस शुभ अवसर पर अपने इस व्यवसाय के माध्यम से खुशहाल दिवाली मनाने में कामयाब होंगे। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ आरती देवी गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, आकाश सोनी, वीरेंद्र कुमार, गंगादीन गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, मजनू, शंकर लाल गुप्ता पापकार्न मेकिंग मशीन व राम चन्द्र मौर्या, शिवम श्रीवास्तव, अशोक कुमार मौर्या, रविन्द्र नाथ, संजय कुमार, वेदानन्द विश्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार, आकाश कुमार व मुसहर जाति के इन्दो देवी व मौजी लाल मुसहर को दोना-पत्तल मशीन वितरित की गयी।

## पुलिस पाठशाला में बताए गए हैं छात्रों को उनके अधिकार

### क्षेत्राधिकारी ललिया द्वारा महाराजगंज तराई के रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज में बताया



अमर ख्याल अहमद रजा

**जनपद बलरामपुर** में पुलिस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण रखने का काम करती है। सभी विद्यार्थियों को अपना अधिकार व कानून की प्राथमिक जानकारी होनी चाहिए। इससे वह न सिर्फ स्वयं सुरक्षित रहेंगे बल्कि दूसरों को भी अपराध करने से रोकेंगे। ये बातें क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना महराजगंज तराई अशोक कुमार सिंह द्वारा मिशन-शक्ति अभियान के अंतर्गत रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज मे आरक्षी सूरज निर्मल , महिला आरक्षी आरती राना, महिला आरक्षी सुमन लता सरोज आदि के साथ मिशनशक्ति अभियान के क्रम में पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरुकता अभियान के तहत छात्र/छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया तथासभी बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया और मिशन शक्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, बाल विवाह , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि के बारे में जागरूक किया गया साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस सहायता हेतु वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112,एबुलेंस सेवा102/108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प केयर 1098, साइबर हेल्प लाइन 155260/1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी अवगत कराया।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि व नमन



अमर ख्याल/जिला संवाददाता रमेश कुमार पीलीभीत

**पीलीभीत।** आज दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत दिनेश कुमार पी0 ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीद पुलिसजनों को नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गार्द की सलामी ली गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी शहीद पुलिसजनों के नामों को पढ़कर सुनाया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, समस्त क्षेत्राधिकारी पीलीभीत, प्रतिसार निरीक्षक एवं शाखा प्रभारी भी मौजूद रहे।

## राजकीय कृषि बीज भंडार मुजेहना पर किसानों को सरसों व मसूर के बीज मिनिकिट का वितरण



अमर ख्याल

**धानेपुर, गोण्डा** विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी ,सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेशराम बारी द्वारा विकासखंड के सरयू सभागार मे किया गया । कार्यक्रम मे विधयाक विनय द्विवेदी द्वारा किसानो को नई प्रजाति के बीजो जो अधिक पैदावार दें उनकी बुवाई व पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अन्य पारदर्शी योजनाओ के बारे मे विस्तृत चर्चा की । कार्यक्रम मे प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार पवन दीक्षित द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं एव रबी मे बुवाई वाले उपलब्ध बीजों पर चर्चा की । कार्यक्रम मे खंड विकास अधिकारी विकास मिश्रा एवं कृषि विभाग के मनु शर्मा ,देवेंद्र शुक्ला ,धर्मचंद्र वर्मा, क्रांतिवीर सिंह, श्यामधार द्विवेदी व देवीप्रसाद के साथ ही सैकड़ों किसान उपस्थित रहे ।

## संदिग्ध हालत में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

**दरियाबाद।** थाना क्षेत्र में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के पास शुक्रवार की सुबह दरियाबाद-भिटरिया मार्ग के किनारे खड्ड एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान के साथ काफी खून लगा हुआ था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर खून की धब्बे भी मिले हैं। जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। ग्रामीणों को हत्या किए जाने की आशंका है। मौके पर पहुंचे एएसपी व सीओ ने भी मामले की जांच की। मामला संदिग्ध होने के कारण मौके पर फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया था। रात से गायब था अधेड़ः टिकैतनगर थाना के गांव परसावल निवासी लक्ष्मी (50) पिछले कई साल से अपने फूफा धनगू निवासी मोहल्ला मिरदहन थाना व कस्बा दरियाबाद के यहां रहता था। लक्ष्मी का विवाह नहीं हुआ था। वह मेहनत मजदूरी करके अपना पेट पालता था। गुरुवार की रात से ही वह घर से गायब था। शुक्रवार की सुबह लक्ष्मी का शव दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के पास सड़क के किनारे खड्ड में पड़ा मिला। शव देखते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। हत्या किए जाने की है आशंकाः लक्ष्मी का शव मिलने की जानकारी होने पर उसके फूफा के परिजन भी वहां पहुंच गए। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान के साथ काफी खून लगा हुआ था। जिस स्थान पर शव मिला है उससे कुछ दूरी पर भी खून पड़ा पाया गया है। जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। परिजनों को आशंका है कि लक्ष्मी की हत्या कर शव को सड़क किनारे खड्डे में फेंका गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की।

# सीएम फेलोशिप के शोधार्थियों को सरकारी सेवा में मिलेगा वेटेज: सीएम

मुख्यमंत्री ने सीएम फेलोशिप कार्यक्रम में की महत्वपूर्ण घोषणा

- जो अच्छा काम करेगा वो सरकारी सेवा में लिया जाएगा : सीएम
- शोधार्थी काम के साथ ग्रामीण विकास पर तैयार करें डॉक्युमेंट : सीएम

■ लखनऊ

मुख्यमंत्री फेलोशिप के सभी 100 शोधार्थी अपने आकांक्षात्मक विकासखंडों में काम करने के साथ ग्रामीण विकास पर एक ग्रंथ लिखें ताकि लोग इसे करीब से जान सकें। सरकार का यह फेलोशिप कार्यक्रम नए प्रयोग के रूप में उभरकर सामने आएगा। इसके लिए जो भी शोधार्थी दो-तीन साल बाद शासकीय सेवा में आना चाहें सरकार उन्हें वेटेज देगी क्योंकि उनके पास काम का एक अच्छा अनुभव हो चुका होगा। इन शोधार्थियों को एज रिलैक्सेशन और एक्स्ट्रा वेटेज देकर सरकारी सेवा में अवसर दिया जाएगा। ये घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के तहत नवचयनित शोधार्थियों को टैबलेट्स वितरण कार्यक्रम के दौरान की। इस दौरान उन्होंने शोधार्थियों को टैबलेट्स भी वितरित किए।



**प्रदेश के विकास की यात्रा में सहभागी बनेंगे शोधार्थी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिए ग्रामीण विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। सभी जानते हैं कि उत्तर प्रदेश देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ग्रामीण अर्थव्यवस्था है। प्रदेश में एक लाख से अधिक राजस्व गांव, 58 हजार से अधिक ग्राम पंचायतें, 75 जनपद और 826 विकासखंड हैं। पूरे देश में उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य हैं जहां 75 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। यहां की अर्थव्यवस्था का आधार ग्रामीण अर्थव्यवस्था ही है। ऐसे में प्रदेश के उन 100 विकासखंडों को आकांक्षात्मक विकासखंड में चुना गया है जो विकास की प्रक्रिया में पीछे छूट गए थे। उन्हे सामान्य जनपदों की सामान्य विकासखंडों की तर्ज पर विकसित करने के लिए जो कार्यक्रम बनाया गया है उसके लिए 100 मुख्यमंत्री फेलोशिप शोधार्थियों को आज तैनाती दी जा रही है, जो अगले कुछ वर्षों के अंदर अपना परिणाम देकर प्रदेश सरकार के विकास की यात्रा में सहभागी बनेंगे।

**आकांक्षात्मक जनपदों में टॉप टेन में छाए प्रदेश के आठों जनपद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग को आदेश दिया था कि वो पता लगाए की देश के अंदर 600 जनपदों में से कितने ऐसे जनपद हैं जो आकांक्षात्मक हैं। इसके लिए कुछ पैरामीटर तय किए गए थे। उनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल संसाधन, स्किल डेवलपमेंट, वित्त समावेश को शामिल किया गया था। इसके लिए 75 इंडीकेटर के रूप में नीति आयोग ने एक व्यवस्था बनाई थी, जिनमें पूरे देश से 112 जनपदों का चयन किया गया था। इन जनपदों में 8 उत्तर प्रदेश के थे। सीएम योगी ने कहा कि ऐसे में इन जनपदों के विकास के लिए सबसे पहले वहां की मैनपॉवर की कमी को पूरा किया गया, जिसके परिणाम सामने आए और देश में जिन 10 जनपदों ने सबसे अच्छा काम किया, उनमें टॉप टेन में पहले पांच जनपद उत्तर प्रदेश के थे और टॉप 20 में प्रदेश के सभी 8 जनपद थे। हमने इससे प्रेरणा लेकर 826 विकासखंडों में 100 ऐसे विकासखंड तय किए जो इन सभी पैरामीटर में पीछे छूट गए थे। इसके लिए सीएम फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गई और शोधार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें 26 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन किया।

## दीपावली में आकर्षण का केंद्र बनकर उभरे ओडीओपी के तोहफे

- सीएम योगी के प्रयासों से स्थानीय शिल्प और वस्तुओं की बढ़ी डिमांड
- दीपावली में गिफ्ट देने के लिए सबसे बेहतर विकल्प के रूप में सामने आए हैं ओडीओपी
- यूपी के सभी 75 जिलों के खास उत्पाद स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल को दे रहे बढ़ावा

■ लखनऊ

दीपावली खुशियों का त्योहार है और खुशियां बांटने से और ज्यादा बढ़ती हैं। शायद इसी भाव को ध्यान में रखकर हर वर्ष दीपावली पर उपहार देने की परंपरा चली आ रही है। आमतौर पर दीपावली पर लोग अपने प्रियजनों को ऐसा उपहार देना पसंद करते हैं, जिन्हें लंबे समय तक संजो कर रखा जा सके। इस कसौटी पर पारंपरिक शिल्प से निर्मित वस्तुएं पूरी तरह से खरे उतरते हैं। इधर कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश की शिल्प कलाओं से निर्मित उत्पादों को उपहार स्वरूप भेंट करने को लेकर लोगों में रुचि बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का ही नतीजा है कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) से जुड़े सामानों की बड़ी रेंज इन दिनों गिफ्ट आइटम की श्रृंखला में शीर्ष पर हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों के खास पारंपरिक उत्पादों में से ज्यादातर आइटम लोगों को दीपावली पर उपहार स्वरूप भेंट करने के लिए भा रहे हैं।

**भारत ही नहीं दुनियाभर में है ओडीओपी की डिमांड**

योगी सरकार में एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के सचिव प्रांजल यादव के अनुसार उत्तर प्रदेश विविध शिल्प कलाओं की भूमि है। यहां के कलाकार ऐसे ऐसे शिल्प उत्पाद बनाने में माहिर हैं, जिनकी डिमांड भारत ही नहीं दुनियाभर में हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से हम प्रत्येक जनपद की खास कला को ना सिर्फ संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें बड़ा बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बात दीपावली की करें तो इस समय लोग सबसे ज्यादा खरीददारी करते हैं। विभाग की ओर से खासतौर पर लोगों से अपील की जा रही है कि वे ओडीओपी के सामानों को उपहार स्वरूप भेंट करें। हम सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लोगों को ओडीओपी के सामानों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। ओडीओपी वस्तुओं की खरीददारी से ना सिर्फ स्वदेशी को लेकर गर्व की भावना जागृत होगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**ओडीओपी में सजावटी सामानों की विस्तृत श्रृंखला**

ओडीओपी के ज्वाइंट सेक्रेटरी सुनील कुमार के अनुसार हमारा प्रयास है कि इस दीपावली लोग ज्यादा से ज्यादा स्थानीय शिल्प उत्पाद खरीदें। उत्तर प्रदेश के ओडीओपी के सामान इन दिनों उपहारों की आकर्षक रेंज बनकर उभरे हैं।

ओडीओपी में आपको सजावटी सामानों की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी।

## अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

■ लखनऊ

23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री अयोध्या में दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पीएम शाम करीब 5 बजे भगवान श्री रामलला विराजमान के दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र स्थल का निरीक्षण करेंगे। दीपोत्सव का छठा संस्करण आयोजित किया जा रहा है और यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री समारोह में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री शाम प्रतीकात्मक भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करेंगे। लगभग 6-30 बजे, प्रधान मंत्री सरयू नदी के नया घाट पर आरती देखेंगे, जिसके बाद प्रधान मंत्री द्वारा भव्य दीपोत्सव समारोह की शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर 15 लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। दीपोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों के विभिन्न नृत्य रूपों के साथ पांच एनिमेटेड झांकियां और ग्यारह रामलीला झांकियां भी लगाई जाएंगी। प्रधान मंत्री ग्रैंड म्यूजिकल लेजर शो के साथ-साथ सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी में 3-डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो भी देखेंगे।

## मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर को किया बर्खास्त, वरिष्ठ सहायक निलंबित, पांच कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत कैटल शेड निर्माण में प्रथमदृष्ट्या शिकायत को सिद्ध पाते हुए विकास खण्ड जलीलपुर के कम्प्यूटर आपरेटर शाहिद को बर्खास्त किया गया तथा मनरेगा का कार्य देख रहे राज कुमार, वरिष्ठ सहायक को निलम्बित किया गया जबकि सम्बन्धित तकनीकी सहायक सत्यवीर, सुशील, मौ0 इमरान, रवि व मौ0 अतीब को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि संबंधित कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर इनके विरूद्ध भी नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने जिले के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि मनरेगा में फ़र्जी काम होना अथवा कमीशनखोरी से संबंधित कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो सम्बन्धित विकास खण्ड का मनरेगा स्टाफ व खण्ड विकास अधिकारी जिम्मेदार होंगें।

## यूपी में कोई भी अपराधी स्वच्छंद नहीं, या तो जेल में है या फिर मारा गया: मुख्यमंत्री

- पुलिसकर्मियों को योगी का दिवाली गिफ्ट, अब मिलेगा 500 मोटरसाइकल भत्ता, ई-पेंशन पोर्टल की भी सुविधा

■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में संविधान के अनुसार कानून का राज बनाये रखने में उत्तर प्रदेश पुलिस के योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति और पुलिस की सक्रियता का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध समाप्त हो गया है। ऐसे अपराधी या तो जेल में बंद हैं अथवा गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस की कार्रवाई में मारे गए। प्रदेश में महिलाएं-बालिकाएं, कमजोर वर्ग और व्यापारी आज सुकून से हैं। हर पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो रहा है। समाज में समरसता है। पुलिस स्मृति दिवस के खास मौके पर पुलिस के वीर जवानों के साहस, शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों को अब तक मिल रहे?200 साइकल भत्ता को बढाकर ?500 मोटरसाइकल भत्ता देने की घोषणा की, साथ ही, पुलिस विभाग को भी ई-पेंशन पोर्टल की सेवाओं का उपहार दिया। दीवाली से ठीक पहले पुलिस के जवानों के बीच मौजूद मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों की सहूलियत को देखते हुए 5,00,000 से अधिक के चिकित्सा खर्च प्रतिपूर्ति की स्वीकृति पुलिस महानिदेशक स्तर से होने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अभी तक इसके लिए शासन स्तर पर कार्यवाही होती थी, जिससे अनावश्यक विलम्ब होता था, अब ऐसा नहीं होगा। रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने श्रीमद्भगवतगीता में वर्णित ÷हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम। के महान संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों ने गीता से महान प्रेरणा लेते हुए देश और प्रदेश की बाह्य व आंतरिक सुरक्षा सुदृढ़ रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। आज का दिन उनके इसी निष्ठा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का है।उन्होंने कहा कि 2021-22 में उत्तर प्रदेश के 07 जांबाज पुलिसकर्मी कर्तव्य की वेदी पर शहीद हो गए। शहीदों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री शहीद पुलिसकमियों के आश्रितों को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी हर संभव मदद करेगी। सीएम ने कहा कि हमारे पुलिस बल ने विपरीत परिस्थितियों ने भी अपना काम जारी रखा है। कोरोना के बीच अभूतपूर्व परिश्रम कर जहां एक पर नियमों का पालन किया, वहीं मानवता की मिसाल भी पेश की। कोरोना पॉजिटिव भी हुए लेकिन सेवापथ नहीं छोड़ा। इस दौरान 45 पुलिसकर्मियों का देहांत भी हुआ, जिनके परिजनों को नियमानुसार नौकरी व ?22 करोड़ 50 लाख का भुगतान भी किया गया। यही नहीं, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, भारतीय सेना आदि में सेवारत उत्तर प्रदेश मूल के शहीद 581 जवानों के आश्रितों को ?141.9 करोड़ की सहायता राशि दी गई। उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस की कोशिशों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा किअपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई है। यहां अब बेटियों के लिए स्कूल अथवा गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि 30 मार्च 2017 से 13 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर 166 दुर्दांत अपराधी मारे गए, जबकि 4453 घायल हुए। 58,648 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई और 807 पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। 50 कुख्यात माफियाओं और उनके सदस्यों की लगभग ?2268 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई। इसमें 01 माफिया व उसके 08 साथी मुठभेड़ में मारे भी गए। 39 को आजीवन कारावास की सजा हुआ है तो प्रभावी अभियोजन करते हुए 02 को फांसी की सजा दिलाई गई। इसी अवधि में हमारे 13 जवान शहीद भी हुए।



**एक वर्ष में शहीद हुए 07 पुलिसकर्मी**

1 सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 की अवधि में कर्तव्य की बेदी पर देश में 264 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। इनमें उत्तर प्रदेश के 07 पुलिसजन क्रमशः उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक कादिर खाँ, मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी सुमित कुमार, आरक्षी ललित कुमार एवं आरक्षी मनीष कुमार सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्तव्य पालन में आत्म बलिदान करने वाले इन वीरों के पराक्रम से प्रदेश का सम्पूर्ण पुलिस बल गौरवान्वित है।

## धान खरीद के 27 क्रय केंद्रों को लक्ष्य सौंपा गया

■ बिजनौर

कलेक्ट्रेट सभागार बिजनौर मे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / जिला ख़रीद अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला आहूत की गयी, जिसमें समस्त धान ऋय एजेनिसयों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं धान ऋय केन्द्र प्रभारी, उपस्थित हुये। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / जिला खरीद अधिकारी ने शासन द्वारा निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कड़ाई से अनुपालन कराये जाने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जिले को प्राप्त निर्धारित 27 ऋय केन्द्रों के लक्ष्य के सापेक्ष जिलाधिकारी द्वारा 27 धान कय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है। उन्होंने एजेन्सियों के जिला प्रबन्धकों को निर्देश दिए कि समस्त धान ऋय केन्द्रों को निर्धारित मानकों एवं व्यवस्थाओं के साथ सक्रिय करना सुनिश्चित करें ताकि स्थानीय किसान अपने ध्यान को नजदीकी धान ऋय केंद्र पर लाकर उसे विक्रय कर सकें। समीक्षा बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक कुल 15 किसानों से कुल 88.360 मी0टन धान की खरीद की गयी है। जिले में अब तक धान विक्रय के लिए कुल 3172 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने समस्त ऋय केन्द्र प्रभारियों को धान खरीद के लिए अधिक से अधिक संख्या में किसानों के पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। एच0एस0 तोमर, प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम (गु0नि0) बिजनौर द्वारा समस्त धान ऋय केन्द्र प्रभारियों को धान की गुणवत्ता मापन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त अग्रणी जिला प्रबन्धक पी0एन0बी0, बिजनौर को किसानों के बैंक खातों पर एन0पी0सी0आई0 मैपिंग में आ रही समस्याओं के निराकरण के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित द्विदेवी ए0आर0 कोऑपरेटिव बिजनौर डा0 प्रदीप सिंह, श्री लाल चन्द्र सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, नजीबाबाद, श्री राजेश कुमार सिंह, क्षे0वि0अ0, धामपुर एंव श्री जिला प्रबन्धक, पी0सी0एफ0, बिजनौर आदि उपस्थित रहें ।

## राम की अयोध्या में दीपोत्सव पर होंगे ब्रज के लोकनृत्य

■ लखनऊ

दीपोत्सव की सारी तैयारी हो गई है। महज कुछ घण्टे शेष, फिर विश्व फलक पर अयोध्या के दीपोत्सव की गूंज एक बार फिर सबसे बड़े पैमाने पर गूंजेगी। आस्था और अध्यात्म के संगम के बीच योगी सरकार लोकगीतों, वाद्ययंत्रों व सँस्कृति के प्रचार-प्रसार को भी नहीं भूली। विलुप्त होने के कगार पर पहुंचे ग्रामीण परिवेश के धोबिया, फरुआही नृत्य के कलाकारों को भी सरकार ने दीपोत्सव जैसा अविस्मरणीय मंच दिया। राम की अयोध्या में ब्रज के लोकनृत्य की भी बयार बहाने का अवसर उपलब्ध कराया। अवध में ब्रज के कलाकार राम-कृष्ण की धरती की संस्कृति, भाषा और शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। अयोध्या के छठवें दीपोत्सव में भारत के कई प्रांतों की भाषा, शैली/बोली व संस्कृति का भी संगम दिखेगा। 21 से 23 अक्टूबर तक यहां उत्तर प्रदेश व कई राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देंगे। स्थानीय कलाकार विजय यादव व मुकेश कुमार फरुआही नृत्य करेंगे तो आजमगढ़ के मुन्नालाल यादव धोबिया नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। गाजीपुर के कलाकार पारसनाथ यादव अयोध्या के मंच पर लोकगायन की प्रस्तुति देंगे। बिरहा सुनने का अवसर भी अयोध्यावासियों को मिलेगा। भदोही के शेषमणि सरोज अपने बिरहा से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। झांसी के रणसिंघा विधा की महक प्रशांत आर्या बिखेरेंगे।

## अयोध्या दीपोत्सव में रेत पर जीवंत होंगे रामायण कालीन प्रसंग

■ अयोध्या

अयोध्या दीपोत्सव को तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अयोध्या की सौंदर्यीकरण में कोई कोर कसर न बाकी रहे इसके लिए एक तरफ जहां प्रशासन युद्धस्तर पर तैयारियों को पूरी कर रहा है। वहीं दूसरी ओर सरयू तट पर रेत पर रामायण कालीन सुंदर आकृतियां भी उकेरी जा रही हैं। रामायण कालीन चरित्रों का रेत के माध्यम से चित्रण अयोध्या सरयू तट पर स्थित VVIP सरयू अतिथि गृह के सामने वाराणसी से आये काशी विद्यापीठ फाइन आर्ट्स विभाग के छात्रों द्वारा किया जा रहा है। काशी विद्यापीठ के फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट के छात्र रूपेश सिंह के नेतृत्व में 20 छात्रों का दल पिछले 2 दिनों से इस कार्य मे लगा हुआ है। रूपेश सिंह ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव में सैंड आर्ट स्कल्पचर के प्रदर्शन का इस बार तीसरा अवसर है,इससे पहले भी 2020,2021 में उनके द्वारा इसी तरह का प्रदर्शन किया जा चुका है। रेत के माध्यम से उकेरी जा रही आकृतियों के बारे में रूपेश सिंह ने बताया कि उन्होंने यहां एक रामायण सीरीज के आधार पर कार्य किया है।

**दिवाली** | मुख्यमंत्री के निर्देश पर रामनगरी में तेजी से हो रहा काम

# गड्ढा मुक्त सड़कों पर चल अयोध्या में मनाएंगे दीपोत्सव

- गड्ढों की भराई, डिवाइडर पर रंगाई पुताई से सज रही अयोध्या
- पर्यटकों व आगंतुकों को न हो परेशानी, इसका भी रखा जा रहा विशेष ध्यान



■ अयोध्या

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या सज गई है। 23 को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दीपोत्सव के नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई अतिथियों संग सृजन, समृद्धि और खुशहाली का दीप जलाएंगे। सरयू तट और मंदिरों में इस बार 18 लाभ से अधिक दीप प्रज्ज्वलित होंगे। आगन्तुकों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री ने बीते दिनों समीक्षा बैठक में अयोध्या में सभी गड्ढे भरने के निर्देश दिए थे। इसे देखते हुए सारी सड़कों पर तेजी से काम हो रहा है। डिवाइडर समेत मुख्य चौराहे रंगे जा रहे हैं। यानी अपनी अयोध्या इस दीपोत्सव पर भी अलग लगे, यह प्रयास रंग लाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन से पहले अयोध्या की सड़कों को लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढा मुक्त किया जा रहा है। रंगाई पुताई इत्यादि का कार्य अधिकारियों की देखरेख में चल रहा है, जो लगभग पूर्ण होने वाला है। दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए अधिकारी भी दिन-रात कार्य में लगे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि योगी सरकार के गड्ढा मुक्त अयोध्या के निर्देश का पालन कर सभी मार्गों पर काम चल रहा है। दीपोत्सव से पहले इसे अमलीजामा पहना दिया जाएगा।

**एक ही नजर में अलौकिक दिख रही अयोध्या**

अयोध्या नए कलेवर में दिख रही। सरकार की मंशा के अनुरूप अयोध्या एकदम चमक रही है। इसकी गली-गली, रास्ते-रास्ते एक नजर में ही आंखों को भा रहे हैं। स्थानीय लोग हों या बाहर से आये श्रद्धालु, सभी ने अयोध्या का यह रूप देख सृजनकर्ता योगी आदित्यनाथ की भूरि भूरि प्रशंसा की।

**कई जगहों पर लग रही एलईडी**

पावन नगरी अयोध्या में हो रहे छठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने के उद्देश्य से मंडलायुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि दीपोत्सव के पूर्व प्रमुख स्थानों पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई जा रही, जिससे आयोजन स्थल से दूर भी लोग यहां के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते रहें। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव कार्यक्रम के प्रसारण को इन एलईडी के जरिये भी देखा जा सकता है। कोविड 19 वैश्विक एवं संचारी रोगों के दृष्टिगत ऐसा किया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर अयोध्यावासियों को दिक्कत न हो, इसलिए भी विभिन्न स्थानों पर एलईडी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि रामघाट चौराहा, कारसेवकपुरम चैराहा, दन्तधावनकुण्ड चैराहा, टेढ़ीबाजार चौराहा, उदया चैराहा, रानोपाली तिराहा, अशर्फी भवन पोस्ट आफिस तिराहा, छोटी छावनी तिराहा, हनुमानगढ़ी तिराहा, बेनीगंज तिराहा, साहबगंज तिराहा, रीडगंज तिराहा, गुदड़ी बाजार तिराहा, चौक बाजार, फतेहगंज चैराहा, मकबरा तिराहा, नाकाचुंगी, प्रयागराज रोड चौराहा, रायबरेली रोड चौराहा, देवकाली बाईपास चौराहा, देवकाली तिराहा, पुष्पराज चौराहा सिविल लाइन, गांधी पार्क चौराहा एवं हनुमानगढ़ी चौराहा, अयोध्या कैंट में एलईडी स्थापित की जायेगी।

REVIEW

# गुड बैड गर्ल


कलाकार– समृद्धि दीवान , गुल पनाग , वैभव राज गुप्ता , जैन खान , सोहम मजूमदार , राजेन्द्र सेठी , राजेश शर्मा और शीबा चड्ढा आदि
लेखक– ताहिरा नाथ और निखिल अरोड़ा
निर्देशक– अभिषेक सेनगुप्ता
निर्माता– विकास बहल और अनुराग श्रीवास्तव

ये संयोग ही हो सकता है कि जिस दिन देश की सर्वोच्च अदालत ने भारत सरकार से पद्मश्री पुरस्कार पा चुकीं और मुंबई में खुद को 'कॉन्टेंट क्वीन' का तमगा देकर इतराने वाली एकता कपूर को उनकी ट्रिपल एक्स सीरीज के लिए आईना दिखाया, उसी दिन मैंने सोनी लिव की वेब सीरीज 'गुड बैड गर्ल' देखनी शुरू की। फिल्म 'सुपर 30' बनाकर जो कुछ विकास बहल ने बतौर फिल्मकार कमाया था, उसे वह ऐसी सीरीज बनाकर गंवा रहे हैं। इस सीरीज को देखने के बाद अगर दिमाग में पहला सवाल ये आए कि 'अपराधी कौन?' तो इस सवाल का एक ही जवाब है विकास बहल। अपने ओटीटी ग्राहकों से साल भर की अग्रिम धनराशि




वसूल कर लेने वाले ओटीटी संचालकों पर ऐसी सीरीज बनाने के लिए उपभोक्ता अदालत में मामला भी चलना चाहिए। 'सिर्फ वयस्कों के लिए' का ठप्पा लगाकर भी इतनी घटिया सीरीज ग्राहकों को बेचने का किसी ओटीटी को अधिकार नहीं होना चाहिए। सोनी लिव की छवि एक संतुलित ओटीटी की ही रही है। लेकिन, इधर हाल के दिनों में इसे भी एमएक्स प्लेयर बनने की हूक उठी है। अखबारों के मास्टहेड बदलकर उनके कलेवर से छेड़छाड़ करने की कोशिशें इसके क्रिएटिव टीम की सोच का परिचय पहले ही दे चुकी हैं। अब बारी है एक ऐसी कहानी अपने ग्राहकों को परोसने की जिसका मूल विचार कम से कम दो विदेशी कहानियों से चुराया हुआ है। ये विचार है झूठ के सहारे जीती एक लड़की को महिमामंडित करने का। वेब सीरीज 'गुड बैड गर्ल' एक ऐसी लड़की की कहानी है जिसने बचपन से ही अपनी मासूमियत को इस्तेमाल करना सीख लिया है। सीरीज की कहानी का सिरा शुरू से पकड़ें तो इसमें दोष इसके घरवालों का है क्योंकि उसके शुरुआती मासूम सवालों का उनके पास जवाब ही नहीं। वेब सीरीज 'गुड बैड गर्ल' वकालत करने वाली माया आहूजा की कहानी है। हिंदी सिनेमा में माया नाम अब एक उपमा की तरह इस्तेमाल होता है। और, ऐसे नाम वाले किरदारों का चरित्र चित्रण 'माया मेमसाब' से लेकर 'गुड बैड गर्ल' तक बदला नहीं है। माया आहूजा पेशे से वकील है। रूटीन कैंसर टेस्ट में बायोप्सी की सलाह मिलने से परेशान ये लड़की अपने काम के चलते जब नौकरी से निकाली जा रही होती है तो 'विक्टिम कार्ड' खेल देती है। अब कंपनी वाले उस पर मेहरबान इसलिए हैं कि उन्हें अपनी कंपनी को कर्मचारियों का सबसे बड़ा हितैषी बनकर दिखाना है और दूसरों को बुद्धू बनाकर अपना काम निकालने वाली इस लड़की के ऐसे ऐसे रूप सामने आने लगते हैं कि सीरीज देखते समय खीझ आने लगती है। लेकिन, क्या किया जाए, रिव्यू लिखना है तो सीरीज कैसी भी हो, देखनी तो पड़ती है। समझ में ये नहीं आता कि ऐसी कहानी पर सीरीज बनाने की, उनमें पैसा लगाने की और उसे प्रसारित करने से पहले समीक्षकों पर जल्दी से जल्दी इसका 'अच्छा' रिव्यू लिखने के लिए दबाव बनाने की भी हिम्मत कहां से आती है? सीरीज 'फ्लीबैग' की हीरोइन जैसी मिलती जुलती शक्ल वाली अदाकारा समृद्धि दीवान ढूंढ लेना ही इस सीरीज को बनाने वालों की सबसे बड़ी कामयाबी है क्योंकि गलती से भी अगर आपने ये सीरीज घर के स्मार्ट टेलीविजन पर देखने की हिमाकत कर डाली तो आपको अपने इस फैसले पर गुस्सा ही आएगा। समृद्धि की सबसे बड़ी उपलब्धि इस सीरीज की यही है कि वह मां की गाली चेहरे पर बिना कोई भाव लाए अपनी आवाज के सबसे ऊंचे सुर में दे सकती हैं।

# सोशल मीडिया पर अनन्या और आदित्य की एक तस्वीर काफी वायरल



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का नाम एक बार फिर से अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ जुड़ गया है। दोनों कलाकार अपने लिंकअप की खबरों वजह से सुर्ख़ियो में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर अनन्या और आदित्य की एक तस्वीर काफी वायरल हो रही है। इस तस्वीर को देखकर साफ़ अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों के बीच कुछ पक रहा है। इतना ही नहीं इस तस्वीर ने अनन्या और आदित्य के रिश्ते में होने की खबरों को हवा दे दी है और सोशल मीडिया पर अब इस बात पर लोग जमकर चर्चा कर रहे हैं। अभिनेत्री कृति सनन ने 19 अक्टूबर की रात को अपने घर पर प्री–दिवाली पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें बॉलीवुड के कई नामी सितारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उनकी पार्टी में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहुंचे। दोनों ने अलग–अलग कर के पार्टी में एंट्री की थी बावजूद इसके एक तस्वीर ने दोनों के रिश्ते की पोल खोल दी। दरअसल, नेहा धूपिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली पार्टी की एक सेल्फी शेयर की। इसमें वह अपने अपनी अंगद बेदी और कृति सनन के साथ नजर आ रही हैं। इन तीनों के ठीक पीछे बैकग्राउंड में अनन्या और आदित्य एक दूसरे से बातें करते दिखाई दे रहे हैं। दोनों कलाकारों की डेटिंग की खबरें काफी समय से चर्चा में थीं, ऐसे में इस तस्वीर पर लोगों का ध्यान जाना तो बनता था। तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यूजर्स अनन्या और आदित्य की डेटिंग की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं। अनन्या पांडे का हाल ही में अभिनेता ईशान खट्टर के साथ ब्रेकअप हुआ है। खबरों की माने तो आदित्य रॉय कपूर दोनों के ब्रेकअप का कारण थे। हाल ही में कॉफी विद करण शो में अभिनेत्री नजर आई थीं। इस दौरान कारण जौहर ने अनन्या से आदित्य के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा था. जिसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था। इसी शो पर अनन्या की माँ भावना पांडे ने भी शिरकत की। उन्होंने इस बात की पुष्टि की थीं कि उनकी बेटी एक समय पर दो लोगों के बारे में सोच रही थी, इसलिए उसने अपने पहले बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया।



# शादी से पहले ही अपने रिश्ते को आगे बढ़ा रहे सिद्धार्थ-कियारा

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी काफी समय से रिलेशनशिप में हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से दोनों की शादी की खबरें भी खूब सुर्खियों में हैं। लेकिन इससे पहले एक नया अपडेट आ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि शादी से पहले दोनों लिव इन में रहने वाले हैं। दोनों एक–दूसरे को अच्छे से जानना चाहता है और शादी से पहले एक–दूसरे को अच्छे से समझना चाहते हैं इसलिए दोनों लिव इन में रहना चाहते हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा अपनी शादी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बस शादी से पहले एक–दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करके फ्यूचर के लिए तैयार हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा अपने लिए नया घर देख रहे हैं जहां दोनों अपनी लाइफ के नए चैप्टर को शुरू करें। अगर कोई अच्छा घर नहीं दिखता है तो फिर कियारा, सिद्धार्थ के घर ही शिफ्ट हो जाएंगी। ऐसी खबर है कि सिद्धार्थ और कियारा अगले साल अप्रैल में शादी करने वाले हैं। अब दोनों अपने रिश्ते को एक स्टेप और आगे बढ़ाना चाहते हैं। वैसे बता दें कि कियारा, सिद्धार्थ से पहले भी कई कप्लस शादी से पहले लिव इन में साथ रहे हैं। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी शादी से पहले ही लिव इन में रहने लगे थे। वैसे बता दें कि हाल ही में करण जौहर के शो कॉफी विद करण में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने इनडायरेक्टली अपने रिलेशनशिप को एक्सेप्ट किया है। वहीं अब दोनों से हर इवेंट में इस बारे में पूछा जाता है। हाल ही में सलमान खान ने भी बिग बॉस में आए सिद्धार्थ मल्होत्रा से कियारा और शादी को लेकर सवाल किया था जिस पर सिद्धार्थ ने कहा था कि वह जल्द शादी करेंगे। कियारा और सिद्धार्थ बता दें कि साथ में फिल्म शेरशाह में नजर आए थे। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। वहीं अब खबर आ रही है कि दोनों एक बार फिर साथ में नजर आने वाले हैं। दोनों शशांक खैतान की अपकमिंग फिल्म में काम करेंगे। हालांकि फिल्म के नाम को लेकर अभी कोई अनाउसमेंट नहीं हुई है। दोनों की शादी की बात करें तो सिद्धार्थ और कियारा ग्रैंड नहीं बल्कि इंटीमेट शादी करेंगे जो दिल्ली में हो सकती है। इस शादी में सिर्फ परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल होंगे।



# 'कमांडो 3' के बाद क्रैक में विद्युत जामवाल

कमांडो 3 की सक्सेस के बाद विद्युत जामवाल अपनी अगली फिल्म की रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में विद्युत चर्चित एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में विद्युत एक्टिंग तो कर ही रहे हैं साथ ही वे इस फिल्म के प्रोडक्शन का भी हिस्सा बने हैं। इस एक्शन फिल्म में विद्युत जामवाल और जैकलीन फर्नांडीज के अलावा अर्जुन रामपाल भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को मेकर्स ने भारत की पहली एक्सट्रीम स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म बताया है। इस फिल्म का कंपलीट टाइटल है क्रैक (जीतेगा तो जिएगा! )। यह फिल्म अगले साल, 2023 में रिलीज होने



जा रही है। इस फिल्म में बेहतरीन एक्शन स्टार विद्युत कई स्पोर्ट्स बेस्ड एक्शन स्टंट्स करते नजर आएंगे। इस फिल्म का मकसद एंटरटेनमेंट के साथ–साथ एक्सट्रीम स्पोर्ट्स के कंसेप्ट के लिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित करना भी है। इस फिल्म के एक्शन सीन्स में विद्युत कई स्टंट्स को अंजाम देते नजर आएंगे। इस फिल्म के कई स्टंट्स और एक्शन सीन्स को पोलैंड में फिल्माया गया है। इस फिल्म में मुंबई की झुग्गी–झोपड़ियों में होने वाले एक्सट्रीम स्पोर्ट्स के जज्बे को दिखाया गया है। इस फिल्म को लेकर विद्युत ने कहा– 'इंडस्ट्री में फिल्मों को लेकर जिस तरह की परिस्थियां हैं ऐसे अब हमें अपने सीमा के दायरे को तोड़कर कुछ अलग और इंट्रस्टिंग कंसेप्ट पर फिल्में बनानी होंगी। यही वजह है कि हम एक्सट्रीम स्पोर्ट्स पर बेस्ड ये फिल्म लेकर आए हैं।' एक्शन आइकॉन बन चुके विद्युत जामवाल का इंडस्ट्री में अपना ही एक फैन बेस है। विद्युत के काम की तारीफ ना केवल उनके फैंस करते हैं बल्कि एक्टर्स भी उनकी फिटनेस के दीवाने हैं। इस फिल्म में विद्युत के साथ काम करने को लेकर को–स्टार अर्जुन रामपाल ने कहा कि विद्दुत एक कमाल के एथलट है और उन्हें विद्युत से बहुत कुछ सीखने को मिला। अर्जुन ने आगे कहा कि इस फिल्म में विद्युत के एक्शन सीन्स को अंजाम देने जज्बा सराहनीय है। बता दें विद्युत के फैंस एक्टर की पर्सनेलिटी से इतने प्रभावित हैं कि अब तक उनके 9 फैंस विद्युत के नाम का टैटू करवा चुके हैं।

# 'ब्लैक पैंथर 2' की एडवांस बुकिंग शुरू

मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्मों के भारत में भी लाखों दीवाने हैं। जो लोग मार्वल की फिल्में देखते हैं, उन्हें इसके हर नए प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस साल मार्वल की सिनैमैटिक की दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं और एक बार फिर से एमसीयू के भारतीय दर्शकों के लिए तीसरी फिल्म ब्लैक पैंथर वकांडा फॉरएवर भी रिलीज होने जा रही है। बहुप्रतीक्षित फिल्म ब्लैक पैंथर 2 की रिलीज डेट पास आते–आते रोजाना जुड़े नए अपडेट्स भी सामने आ रहे हैं। अब दिवाली से पहले इस फिल्म को लेकर एक और जानकारी सामने आई है कि इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। हाल ही में फिल्म ब्लैक पैंथर– वकांडा फॉरएवर का नया ट्रेलर और पोस्टर लॉन्च किया गया था। जिसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे। ट्रेलर की खुमारी अभी दर्शकों के दिमाग से उतरी नहीं थी कि मार्वल ने अब एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी है, क्योंकि एक तरफ दिवाली की छुट्टियां भी हैं, ऐसे में उम्मीद है कि तेजी से इसके टिकट बुक किए जाएंगे। ब्लैक पैंथर 2 में दर्शक नए ब्लैक पैंथर को तो देख ही चुके हैं। इसके साथ ही ही ट्रेलर में नए विलेन की भी धमाकेदार एंट्री दिखाई गई थी, जिसका खतरा पूरे वकांडा पर मंडरा रहा है। इस धमाकेदार ट्रेलर के बाद से ही फिल्म ब्लैक पैंथर वकांडा फॉरएवर देखने के लिए दर्शकों की उत्सुकता और ज्यादा बढ़ गई है।



# ब्लैक एडम

कलाकार– ड्वेन जॉनसन , अल्दीस हॉज , नोआ सैंटिनो , सारा शाही , मरवन केंजारी , क्विंटेसा स्विंडेल , बोधि हैबॉनगुई और पियर्स ब्रॉसनन
लेखक– एडम स्जटीकिएल , रोरी हायन्स और सोहराब नोशिरवानी
निर्देशक– जाउमे कॉलेट सेरा
निर्माता– बेयू फ्लिन , ड्वेन जॉनसन , हीरम गार्सिया और डैनी गार्सिया



भारत में वैसे तो हॉलीवुड की फंतासी फिल्मों के मामले में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की फिल्मों का ही सबसे बड़ा फैनबेस रहा है लेकिन डीसी कॉमिक्स के कद्रदान भी यहां कम नहीं हैं। ये अलग बात है कि इन्हें रिलीज करने वाली कंपनी वार्नर ब्रदर्स ने कभी इन प्रशंसकों को एकजुट करने या इनकी दूसरों को प्रभावित कर सकने की ताकत को डिज्नी स्टूडियोज की तरह पहचाना नहीं। मार्वल कॉमिक्स और डीसी कॉमिक्स पर बनी फिल्मों के बीच अब तक एक साफ लकीर नजर आती रही है। एमसीयू की फिल्में जहां उत्साह, उल्लास और उमंग के रंगों का इंद्रधनुष बनाने की कोशिश करती रही हैं, वहीं डीसी एक्सटेंडेड यूनिवर्स (डीसीईयू) की फिल्मों के तेवर और कलेवर स्याह रहे हैं। लेकिन, न्यू मिलेनियल्स की नई सोच और नई उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए दोनों तरफ के फिल्मकार अपनी फिल्मों की दशकों से चली आ रही ये अब पहचान बदल रहे हैं। एमसीयू की फिल्मों में काला जादू, हिंसा और हॉरर आ चुके हैं तो डीसीईयू भी फिल्म 'ब्लैक एडम' से अपनी फिल्मों में कॉमेडी, रिश्ते और जिंदगी के चटख रंग भरने की कोशिश में हैं। फिल्म 'ब्लैक एडम' एक तरह से डीसी कॉमिक्स पर बनी फिल्मों का एक नया मोड़ है। इसके लिए इस फिल्म में शीर्षक रोल करने वाले ड्वेन जॉनसन उर्फ द रॉक बीते सात–आठ साल से कोशिशें करते रहे हैं। वह फिल्म 'ब्लैक एडम' के निर्माताओं में भी शामिल हैं। इन फिल्मों को निर्देशक जैक स्नाइडर ने जो नई दिशा दिखाई है, उसने दुनिया भर में फैले डीसीईयू के प्रशंसकों को नजरिया बदला है। इसी नए नजरिये से देखी जाने वाली फिल्म है, 'ब्लैक एडम'। फिल्म देखते समय लग सकता है कि इसकी कहानी के मूल तत्व कुछ कुछ 'ब्लैक पैंथर' और 'वकांडा फॉरएवर' जैसे हैं लेकिन ये जानकर सुखद आश्चर्य ही होता है कि ये सारे तत्व पहले डीसी कॉमिक्स में आए और इनका फायदा अपनी जबर्दस्त मार्केटिंग टीम के चलते मार्वल स्टूडियो ने पहले उठाया। कहानी यहां आज से पांच हजार साल पहले से शुरू होती है और आज के समय तक आती है। यहां अभेद्य तत्व इटर्नियम की खोज है। इसका उस कांदाक शहर से नाता है जो कुछ कुछ कंधार जैसे नजर आता है। कहानी का विलेन यहां भी इस्माइल है। सहनायक समीर है और है एक मां जो अपने बेटे को बचाने के लिए मरने मारने पर उतारू हो जाती है। फिल्म 'ब्लैक एडम' का एक सिरा गुलामी से जुड़ता है तो दूसरा आजादी पाने के लिए सामूहिक प्रयासों से मिलने वाले नतीजों से। एक गुलाम का बेटा खान मजदूरों को एकजुट करने में कामयाब होता है। देवता उसे अपनी अपनी शक्तियों के अंश देते हैं और उसके शरीर में इतनी बिजली समाहित हो जाती है कि वह कुछ भी कर सकता है। कहानी आज की दुनिया में आती है जहां इस बेटे की खोज से पूरे हुए एक मुकुट की तलाश में वह पूरा गिरोह लगा हुआ है जिसने कांदाक शहर पर कब्जा कर रखा है। डीसी कॉमिक्स पर बनी फिल्मों के नियमित दर्शकों को कहानी के इस सूत्र से ब्लैक एडम की कहानी समझ आ जाएगी। उसे ये नाम फिल्म के आखिर में मिलता है और जहां एंड क्रेडिट के दौरान डीसी कॉमिक्स के प्रशंसकों के लिए एक बहुत बड़ा सरप्राइज भी है। भारतीय सिनेमा बीते सौ साल से भी ज्यादा समय से एक काम करने से चूकता रहा है और वह है भारतीय सिनेमा की अपनी एक अलग संस्कृति विकसित करना। अमेरिका में जब भी फैन इवेंट होते हैं तो वहां के फिल्म प्रशंसक लोकप्रिय कहानियों के चर्चित किरदारों के रूप धरे नजर आते हैं। यहां के प्रशंसक कभी अमिताभ बच्चन, कभी मिथुन चक्रवर्ती तो कभी रजनीकांत के गेटअप अपना लेते हैं। वह सिनेमा से ज्यादा इसके कलाकारों से प्यार करते हैं और दोष इसमें मीडिया का सबसे ज्यादा है जो सिनेमा की बजाय व्यक्तिकेंद्रित लेखन ज्यादा करती है। डीसी एक्सटेंडेड यूनिवर्स की 11वीं फिल्म 'ब्लैक एडम' का निर्देशन उन जाउमे कॉलेट सेरा ने किया है

## फुटबॉल

# विश्व कप से पहले बहरीन के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलेगा कनाडा



**टोरंटो।** कनाडा फीफा विश्व कप की तैयारियों के तहत 11 नवंबर को बहरीन के खिलाफ प्रदर्शनी फुटबॉल मैच खेलेगा। दुनिया की 41वीं रैंकिंग की कनाडा की टीम 17 नवंबर को दुबई में 24वीं रैंकिंग वाले जापान के खिलाफ पूर्व निर्धारित मैच से पहले मनामा में दुनिया की 85वें नंबर की टीम बहरीन से भिड़ेगी। यूरोप के कई खिलाड़ियों को 12 और 13 नवंबर को क्लब मुकाबले खेलने हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर में खेलने वाले खिलाड़ी बहरीन में प्रदर्शनी मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। जोनाथन ओसोरियो, मार्क-एंथोनी काए, रिची लारिया और डोनिल हेनरी की टोरंटो टीम ने अपना पिछला मुकाबला नौ अक्टूबर को खेला था।

## पाकिस्तान के बल्लेबाज मसूद को नेट अभ्यास के दौरान सिर पर चोट लगी

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शान मसूद को मेलबर्न क्रिकेट मैदान में नेट सत्र के दौरान शुक्रवार को यहां सिर में चोट लगने के बाद स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया। मसूद को यह चोट मोहम्मद नवाज के बल्ले से निकली शॉट से लगी। मसूद नेट में बल्लेबाजी अभ्यास करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने उस समय हेलमेट भी नहीं पहना था। नवाज ने अभ्यास के दौरान स्पिनर के खिलाफ एक ऊंचा शॉट मारा और गेंद इस 33 साल के खिलाड़ी के सिर पर जा लगी। वह दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े। टीम के डॉक्टर ने वहां उनका इलाज किया। टीम के उपकप्तान शादाब खान ने बताया, उसे यह चोट सिर के संवेदनशील हिस्से में लगी है। मुझे उसकी मौजूदा स्थिति का पता नहीं है, लेकिन हमारे फिजियो द्वारा किए गए परीक्षणों में वह अच्छा महसूस कर रहे थे। अब, वह अब स्कैन के लिए अस्पताल गया है। हम उसके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। मसूद ने इस साल सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था। वह श्रृंखला के सभी सातों मैच में खेले थे। उन्होंने इसमें दो अर्धशतक भी जड़े लेकिन हाल ही में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। पाकिस्तान इस टी20 विश्व कप में रविवार को भारत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## शाहीन का सामना करने के लिए रोहित ने किया अतिरिक्त अभ्यास

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शाहीन शाह अफरीदी की रफ्तार और स्विंग का सामना करने के लिए नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया। शाहीन के खिलाफ किसी तरह का गलत शॉट खेलने से बचने के लिए उन्होंने हर तरह के शॉट्स का अभ्यास किया। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का मैदान दूसरे स्टेडियमों से अलग है जिसमें नेट्स का टॉप एंगल ही देखने को मिलता है और ऐसा लगता है कि खिलाड़ी किसी बड़े से कुए में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए शुक्रवार को वैकल्पिक नेट सत्र था और करीब 30 दर्शकों की मौजूदगी में भारतीय कप्तान अभ्यास के लिए उतरे। उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ करीब डेढ घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। अपना अभ्यास पूरा होने के बाद रोहित ने कार्तिक और अक्षर पटेल को बल्लेबाजी करते देखा। इस बीच वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात करते रहे। कुछ देर के ब्रेक के बाद रोहित फिर नेट्स पर लौटे और श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना किया। क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है और कुछ कहा नहीं जा सकता कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच किस दिशा में जाएगा लेकिन यह बात तो तय है कि शाहीन शाह का सामना करने के लिए रोहित कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।



## अश्विन टेस्ट क्रिकेट में बेजोड़ लेकिन टी20 में स्तरीय प्रतिस्पर्धा: मुरलीधरन

**एजेंसी ■ मेलबर्न**

श्रीलंका के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि भारत के पास सफेद गेंद के क्रिकेट में इतने स्तरीय खिलाड़ी और गहराई मौजूद है कि देश ने टी20 प्रारूप में अकल्पनीय प्रतिभा पूल तैयार किया है। टेस्ट क्रिकेट में 800 विकेट चटकाने वाले एकमात्र गेंदबाज और सर्वकालिक महान ऑफ स्पिनर ने यह टिप्पणी इस बात को ध्यान में रखते हुए की है कि रविचंद्रन अश्विन जैसी प्रतिभा वाले गेंदबाज को सीमित ओवरों के प्रारूपों के लिए भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए जूझना पड़ता है। टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट चटकाने के करीब पहुंचे अश्विन तीन साल से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद एक बार फिर सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। मुरलीधन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय क्रिकेट में काफी स्तरीय विकल्प मौजूद हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में शीर्ष भारतीय स्पिनरों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है।



*टेबल टेनिस : साउथ चाइना में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ टूर्नामेंट में अपनी टीममेट्स के खिलाफ किहारा मियूयु के खिलाफ रिटर्न शॉट खेलतीं जापान की इटो मिमा।*

# जिम्बाब्वे पहली बार सुपर 12 में, स्कॉटलैंड को बाहर किया

**एजेंसी ■ होबार्ट**



जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां ग्रुप बी मैच में स्कॉटलैंड पर पांच विकेट की आसान जीत से टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस जीत से ग्रुप बी में जिम्बाब्वे का शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया जिससे टीम सुपर 12 के ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड के साथ शामिल हो गई। हार के बाद स्कॉटलैंड का अभियान भी खत्म हो गया। तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा ने शानदार प्रदर्शन किया जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 14 रन देकर दो विकेट झटके जिससे जिम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को छह विकेट पर 132 रन ही बनाने दिए। चतारा इसके साथ जिम्बाब्वे के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपनी सटीक गेंदबाजी से रन गति पर लगाम कसे रखी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड एनगारावा (28 रन देकर दो विकेट) थोड़े खर्चीले साबित हुए लेकिन उन्होंने भी स्कॉटलैंड के दो खिलाड़ियों के विकेट झटके जिसके कप्तान रिची बेरिंगटन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। जवाब में जिम्बाब्वे ने अपने स्टार आल राउंडर सिंकदर रजा के 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के जड़ित 40 रन और कप्तान क्रेग इरविन के 54 गेंद में 58 रन की बदौलत 18.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। रजा ने इससे पहले अपनी ऑफ स्पिन से 20 रन देकर एक विकेट झटका था जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिम्बाब्वे ने दो ओवर के अंदर सात रन पर दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन उनके कप्तान इरविन ने सूत्रधार की भूमिका अदा की। इरविन ने सीन विलियम्स के साथ 39 गेंद में 35 रन की भागीदारी निभाई और फिर रजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 गेंद में 64 रन की साझेदारी से स्कॉटलैंड की उम्मीद तोड़ दी। इससे पहले स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जार्ज मुंशी ने 51 गेंद में 54 रन बनाए जिसमें सात चौके शामिल थे।

## भारत-पाक टी20 विश्व कप मैच पर बारिश का खतरा



**मेलबर्न।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को यहां खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है, जिससे सुपर 12 चरण के इस मुकाबले की ओवरों मे कटौती संभव है। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को 80 से 90 प्रतिशत बारिश की संभावना है। इस दौरान एक से पांच मिलीमीटर तक बारिश होने का अनुमान है। शुक्रवार की शाम को भी मेलबर्न में तेज बारिश हुई और अगर रविवार को ऐसा हुआ तो क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए यह निराशाजनक होगा। स्थानीय लोगों का हालांकि मानना है कि अगर बारिश हुई भी तो इस मैदान में उससे निपटने के लिए सुविधाएं मौजूद है। इस मैच की सभी टिकट चंद मिनटों में बिक गए थे और मैदान में लगभग 80 से 90 प्रतिशत भारतीय टीम के प्रशंसक मौजूद रहेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच 2016 टी20 विश्व कप मैच से पहले भी काफी बारिश हुई थी लेकिन कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान की शानदार ड्रेनेज सिस्टम (जल निकासी प्रणाली) के कारण मैच पूरे ओवरों का हुआ था। मेलबर्न में भी इस तरह की सुविधाएं मौजूद है लेकिन अगर बारिश के कारण मैच नहीं हुआ तो विक्टोरिया राज्य क्रिकेट संघ को प्रशंसकों को टिकट के पैसे वापस करने होंगे।

## एक नजर

### लेवांडोवस्की के दो गोल, बार्सीलोना ने विलारीयाल को हराया

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड के हाथों रविवार को क्लासिको हारने के बाद बार्सीलोना ने विलारीयाल को 3 . 0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल में जीत की राह पर वापसी की। बार्सीलोना ने पहले हाफ में सात मिनट के भीतर तीन गोल करके यह जीत दर्ज की। रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने 31वें और 35वें मिनट में गोल किए जबकि अंसु फटी ने 38वें मिनट में गोल दागा। अब बार्सीलोना के मैड्रिड से तीन ही अंक कम है। वहीं मैड्रिड ने आखिरी स्थान पर काबिज एल्शे को 3 . 0 से हराया। विलारीयाल इस हार के बाद नौवें स्थान पर है। अन्य मैचों में अलमेरिया ने गिरोना को 3 . 2 से मात दी। वहीं सातवें स्थान पर काबिज ओसासुना ने एस्पियानोल को 1 . 0 से हराया।

### एमसीए अध्यक्ष पद के चुनाव में काले से हारे पाटिल

**मुंबई।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संदीप पाटिल गुरूवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष पद के चुनाव में अमोल काले से हार गए। काले को भाजपा सांसद और बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष आशीष शेलार का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने पाटिल को 25 मत से हराया। काले को 183 जबकि पाटिल को 158 मत मिले। काले एमसीए के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। पाटिल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की चयन समिति के चेयरमैन भी थे। उन्होंने 29 टेस्ट और 45 वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें भारत, कीनिया और ओमान की टीमों को कोचिंग देने का भी अनुभव है।

# बैक-अप विकेटकीपर के बजाय ग्रीन का चयन जोखिम भरा: फिंच

**एजेंसी ■ सिडनी**

कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को कहा कि ट्वेंटी20 विश्व कप अभियान के लिए बैक-अप विकेटकीपर के बजाय आल राउंडर कैमरन ग्रीन का चयन कर गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने जोखिम लिया है। ग्रीन को गुरूवार को चोटिल रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस की जगह आस्ट्रेलिया की टी20 टीम में शामिल किया गया। फिंच ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमने जोखिम लिया है कि अतिरिक्त विकेटकीपर को नहीं लिया जिसमें निश्चित रूप से थोड़ा जोखिम शामिल है लेकिन हमें लगता है कि हालांकि कैम (ग्रीन) हमें टीम में थोड़ा बेहतर संतुलन देगा। उन्होंने हालांकि कहा कि ग्रीन को बतौर कवर रखा गया है और वह शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच में नहीं खेलेंगे। इस फैसले के पीछे कारणों के बारे में पूछने पर फिंच ने कहा, हमने कुछ आंकड़ें देखे और मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में बीते समय में 0.5 प्रतिशत ही ऐसा मौका आया है जब विकेटकीपर मैच के दिन बाहर हुआ है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि हालांकि अगर मैच से पहले कुछ होता है और इससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है जैसे ट्रेनिंग के दौरान तो तब भी इससे निपटने के लिए काफी समय रहेगा। इसके पीछे यही कारण था। फिंच ने कहा, यह निश्चित रूप से जोखिम है, इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन हम एक तेज गेंदबाज, बल्लेबाज और एक आल राउंडर का कवर करने की तुलना में शायद इस जोखिम को लेने के लिए तैयार हैं। फिंच ने यह भी कहा कि अगर मैथ्यू वेड चोटिल हो जाते हैं तो डेविड वॉर्नर के विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शायद डेवी वॉर्नर। उसने कल थोड़ा अभ्यास किया था। शायद मैं भी ऐसा कर सकता। शायद कप्तानी करना और विकेटकीपर करना थोड़ा मुश्किल होता है, जब आपने ऐसा पहले नहीं किया हो। बतौर सलामी बल्लेबाज फिंच को पिछले कुछ समय से बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ थोड़ा जूझना पड़ रहा है और उन्होंने स्वीकार किया कि शनिवार को ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ यह दिलचस्प मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, ट्रेंट अविश्वसनीय गेंदबाज है। उसे अब 10 या 12 साल हो चुके हैं। जब आप पारी का आगाज करते हो तो आपको अंततः किसी की गेंद पर आउट होना होता है। वह मुझे आउट कर रहा है।



## आयरलैड ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप से बाहर किया

**होबार्ट।** आयरलैंड ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण से ही बाहर करके नौ विकेट से जीत के साथ सुपर 12 चरण में जगह बना ली। सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 48 गेंद में 66 रन बनाए। वेस्टइंडीज के पांच विकेट पर 146 रन के जवाब में आयरलैंड ने 15 गेंद बाकी रहते एक विकेट पर 150 रन बना लिए। स्टर्लिंग ने पहले विकेट के लिए कप्तान एंडी बालबर्नी (37) के साथ 73 रन की साझेदारी की। इसके बाद लोरकान टकर के साथ 77 रन की अटूट साझेदारी भी की। टकर ने नाबाद 45 रन बनाए। इससे पहले वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। ब्रेंडन किंग ने 48 गेंद में सर्वाधिक 62 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए यह टूर्नामेंट बुरे सपने की तरह रहा जिसमें पहले ही मैच में उसे स्कॉटलैंड ने हराया था।

**टी20 विश्व कप**

## भारत बनाम पाकिस्तान मैच में मूडी को शमी से दमदार खेल का भरोसा

**मेलबर्न।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टी20 विश्व कप से पहले भले ही मैदान पर ज्यादा वक्त नहीं बिताया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि वह बड़े मैचों के खिलाड़ी है और पाकिस्तान के खिलाफ दबाव वाले मैच में उनकी विशेषज्ञता से टीम को फायदा होगा। भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद शमी को मुख्य टीम में शामिल किया गया। वह हाल ही में कोरोना वायरस से उबरे है। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में आखिरी ओवर में गेंदबाजी की थी। उन्होंने 17 अक्टूबर को खेले गए इस मैच के 20वें ओवर में चार रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, उसे खेल या अभ्यास का पूरा मौका नहीं मिला है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस एक ओवर की गेंदबाजी से उसने साबित किया कि वह मानसिक रूप से काफी मजबूत है। कोविड-19 की चपेट में आने के कारण शमी भारतीय सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई श्रृंखलाओं का हिस्सा नहीं थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में शमी ने लगभग एक साल पहले यूएई में खेले गए विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। उनका अपना पिछला एकदिवसीय जुलाई में इंग्लैंड के दौरे पर खेला था। मूडी ने कहा कि शमी अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और युवा अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत के लिए तेज गेंदबाजों की मजबूत तिकड़ी बनाएगें। खिलाड़ी से कोच बने 57 साल के मूडी ने कहा, मैं टीम में शमी का चयन करूंगा। मैं अनुभव को तरजीह देना चाहूंगा। जाहिर है भुवी और अर्शदीप टीम की पहली पसंद के गेंदबाज होंगे। मुझे लगता है कि बड़े (दबाव वाले) मैचों में आपको बड़े खिलाड़ियों (मैच विजेता) का समर्थन करना चाहिए।उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे लगता है कि यह करीबी मुकाबला होगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत है तो वहीं पाकिस्तान का मजबूत पक्ष उनकी गेंदबाज है।उन्होंने कहा, यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजों के खिलाफ पारी की शुरुआत में कैसा प्रदर्शन करते है। मुझे लग रहा है कि इस मैच पर भारतीय टीम का प्रभुत्व रहेगा।



**विश्व जूनियर मिश्रित बैडमिंटन :** महिला युगल में इशारानी बरूआ और देविका सिहाग को ओंग शिन ई और कारमेन तिंग ने 21-10, 14-21, 21-13 से मात दी।

# जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रहा भारत

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारतीय टीम स्पेन के सेंटेंडर में चल रही विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में शुक्रवार को यहां जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रही। समरवीर और राधिका शर्मा की मिश्रित युगल जोड़ी ने 13वें से 16वें स्थान के मुकाबले में भारत के अभियान की शुरुआत करते हुए जर्मनी के यार्न श्लेवोट और यूलिया मेयर को 21-18 21-16 से हराकर टीम को1-0 की बढ़त दिलाई। पुरुष एकल में भरत राघव ने जर्मनी के संजीवी पद्मनाभन वासुदेव को 14-21 21-17 21-8 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। अर्श मोहम्मद और अभिनव ठाकुर की जोड़ी को हालांकि जोनाथन ड्रेस्प और सिमोन क्राक्स के खिलाफ 14-21 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा ओपन विजेता उन्नति हुड्डा ने इसके बाद जर्मनी की सेलिन हुबश को 21-8 21-6 से हराकर भारत को 3-1 की विजई बढ़त दिला दी। उन्होंने इसके बाद श्रीनिधी नारायण के साथ मिलकर महिला युगल मुकाबले में जूलिया मेयर और कारा साइब्रेट को 21-13 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत सुनिश्चित की। इससे पहले गुरुवार को मलेशिया ने भारत को 3 .1 से हरा दिया। जूनियर विश्व नंबर तीन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय भारत के लिए जीत दर्ज करने वाली एकमात्र खिलाड़ी थी। पुरूष एकल में आयुष शेट्टी को जस्टिन होह ने 6 . 21, 21 . 12, 21 . 19 से मात दी। अनुपमा ने महिला एकल में सिति नूरशुहेइनी को 21 . 14, 21 . 15 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। पुरूष युगल में निकोलस राज और तुषार सुवीर को फजरिक मोहम्मद रजीफ और वोंग विन सीन ने 21 . 9, 21 . 7 से हराया। महिला युगल में इशारानी बरूआ और देविका सिहाग को ओंग शिन ई और कारमेन तिंग ने 21 . 10, 14 . 21, 21 . 13 से मात दी। भारतीय टीम ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही। शीर्ष रहने वाली टीमें ही क्वार्टर फाइनल में पहुंची जबकि दूसरे स्थान की टीम नौवें से 16वें स्थान के लिए खेली।

## प्रणय को हराकर सेन डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**ओडेन्से।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन एच एस प्रणय को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21 . 9, 21 . 18 से हराया। अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। इस मैच से पहले प्रणय और सेन का एक दूसरे के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 2 . 2 का था लेकिन सेन ने इस मैच की शुरूआत से ही प्रणय को दबाव में ला दिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 5 .1 से बढत बना ली जो जल्दी ही 11 . 3 की हो गई। पहला गेम सेन ने आसानी से जीता।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली के तुगलकाबाद में एमसीडी के तहखंड अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी उपस्थित थे।

# पीएम नरेंद्र मोदी कल लॉन्च करेंगे रोजगार मेला

## 10 लाख कर्मियों के नियुक्ति अभियान की होगी शुरुआत, 75 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए नियुक्ति अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान को रोजगार मेले का नाम दिया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री 75,000 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



प्रधानमंत्री ने इसी साल जून महीने में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों को निर्देश दिया था कि वे मिशन मोड से 10 लाख पदों पर भर्तियां करें। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश के मुताबिक सभी मंत्रालय व विभाग स्वीकृत पदों के बरक्स मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रहे हैं। जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, उनमें देश भर के युवा शामिल हैं। ये भारत सरकार के 38 विभागों और मंत्रालयों में समूह ए (राजपत्रित), समूह बी (गैर-राजपत्रित) और समूह सी में नियुक्त किए जाएंगे। इनके अलावा जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, एमटीएस आदि शामिल हैं।

पीएमओ ने कहा कि इन नियुक्तियों को मंत्रालयों व विभागों द्वारा खुद से या नियुक्ति एजेंसियों के माध्यम से मिशन मोड में किया जा रहा है। इन एजेंसियों में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड शामिल है। पीएमओ ने बताया कि तेज गति से नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।

### मुलायम सिंह यादव के लिए शांति पाठ व हवन आज

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से सभी शोकाकुल हैं। सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने उनकी स्मृतियों को नमन करने, सहेजने तथा संजोने के लिए शुक्रवार को संगम तट प्रयागराज पर दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय यादव की स्मृतियों को सहेजने शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो संगम तट बंधवा हनुमान मंदिर के पास होगा। इसके अंतर्गत 12 से 1 बजे तक शांति पाठ, 1 से 2 बजे तक हवन, 2 से 3 बजे तक भजन एवं 3 से 5 बजे तक शांति सहभोज आयोजित किया गया है इसमें हजारों लोग शामिल होंगे। मुलायम सिंह यादव का प्रयागराज से विशेष लगाव था। वह वर्ष में कई बार आते थे और लोगों से मिलते थे। वह माघ मेला, अर्धकुंभ और कुंभ मेला जैसे आयोजनों को शानदार तरीके से संपन्न कराते थे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 संपन्न

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन जिला पंचायत परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय द्वारा केंद्र की गतिविधियों व कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 6 गतिविधियां युवा भाषण, युवा संवाद, युवा कलाकृति - पेंटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। निर्णायक मंडली सदस्यों डॉक्टर मंजू सिंह, चित्रा पांडेय, वंदना पांडेय, कमलेश दुबे, मानस सांकृत्यायन, ओम प्रकाश मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, महेश द्विवेदी, रमाशंकर शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. संगीता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, प्रो. संतोष, बृजेश पाठक एवं किंजल, शरद मालवीय ने अलग अलग विधाओं पर अंक प्रदान करते हुए विजेता घोषित किए।

### बृहद रोजगार मेले में 1180 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** गुरुवार को प्रयागराज में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर के मेले का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि विधायक पीयूष रंजन निषाद, विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा की उपस्थिति में मेले का आयोजन हुआ। बृहद रोजगार मेले में लगभग 36 कंपनियां ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडे, नंदकिशोर, पार्षद दीपू जयसवाल द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इसमें लगभग 2500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 1180 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, विधायक पियूष रंजन निषाद, और प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा टैबलेट और नियुक्ति पत्र, प्रशस्ति पत्र बांटे गए।

### आज का इतिहास


- 1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली।
- 1555 : इंग्लैंड की संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा के रुप मे मानने से मना किया।
- 1577 : गुरु रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
- 1727 : रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किए।
- 1931 : प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता शम्मी कपूर का जन्म।
- 1934 : जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया।
- 1945 : फ्रांस में महिलाओं को पहली बार वोट करने का अधिकार मिला।
- 1950 : चीन ने तिब्बत पर अपना प्रभुत्व जमा लिया।
- 1951 : भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
- 1959 : चीन और भारत की सेनाओं में भिडंत।
- 1990 : दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ कीं।

## लखनऊ कोर्ट में पेशी पर आए अतीक अहमद ने की सीएम योगी की तारीफ

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद लखनऊ के एंटी करपशन कोर्ट में गुरुवार को पेश हुए। अतीक अहमद प्रयागराज मे शहर पशिचमी के बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड मे आरोपी है। अतीक अहमद पर हत्या और अपराधिक साजिश की धाराओं में आरोप तय हो गए है, अब 3 नवंबर को अतीक अहमद की पुनः पेशी होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार रात अतीक अहमद की गुजरात के साबरमती जेल से लखनऊ लाया गया था तथा गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच लखनऊ के एंटी करपशन कोर्ट मे पेश किया गया। बीते दो वर्षों से अतीक अहमद गुजरात के साबरमती जेल मे बंद थे, दो साल बाद पहली बार पेशी पर लाए गए अतीक अहमद के साथ उनका भाई अशरफ भी आरोपी है। कोर्ट पहुंचे अतीक अहमद ने अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मीडिया के एक सवाल के जवाब देते हुए अतीक अहमद ने कहा कि योगी आदित्य नाथ बहुत बहादुर और ईमानदार मुख्यमंत्री है। अच्छा काम कर रहे हैं।



## पटाखा बैन पर बोला सुप्रीम कोर्ट, लोगों को सांस लेने दें, दी मिठाई पर खर्च की सलाह



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में पटाखों पर लगी संपूर्ण रोक को चुनौती देते हुए दायर की गई याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि लोगों को साफ हवा में सांस लेने दें और अपने पैसे मिठाइयों पर खर्च करें। इससे पहले गुरुवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने भी दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह कहते हुए सुनवाई से इंकार कर दिया कि मुद्दा अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

पटाखा विक्रेताओं ने सुप्रीम कोर्ट से पटाखों पर लगे प्रतिबंध के मुद्दे पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी। पटाखा विक्रेता इस बैन से व्यापार को नुकसान की दलील दे रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण का हवाला देते हुए उनकी दलील को खारिज कर दिया है और कहा है कि इस पर अर्जेंट सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले हाईकोर्ट में दो व्यापारियों ने अपनी याचिका में जोर देकर कहा था कि डीपीसीसी द्वारा 14 सितंबर को लगाया गया आखिरी मिनट का प्रतिबंध मनमाना और अवैध है और उनकी आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। व्यापारियों का कहना था कि उच्च न्यायालय ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दे। एक दिन पहले ही दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि राजधानी में पटाखों का उत्पादन, भंडारण और बिक्री सजा योग्य अपराध है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर 5000 हजार रुपए जुर्माना और 3 साल तक जेल की सजा हो सकती है। दिल्ली में पटाखा खरीदने और आतिशबाजी करने पर भी रोक है। इसका उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर 200 रुपए जुर्माना और 6 महीने जेल की सजा का प्रवधान किया गया है। दिल्ली में ठंड की शुरुआत के साथ हवा की गुणवत्ता खराब होने की दलील के साथ दिल्ली सरकार ने आतिशबाजी पर संपूर्ण रोक का ऐलान किया है।

### आतंक का रहनुमा बन रहा है चीन

## छह माह में पांच आतंकी बचाए मुंबई हमले का दोषी भी शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



चीन ने एक बार फिर से आतंकवाद पर लगाम कसने की भारत की कोशिशों पर अड़ंगा लगाया है। उसने पाकिस्तानी आतंकी हाफिज तल्हा सईद को यूएन से ब्लैकलिस्ट कराने के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। सुरक्षा परिषद में बीते 6 महीनों में यह 5वां मौका है, जब चीन ने इस तरह से प्रस्ताव को गिराया है। संयुक्त राष्ट्र में सालों से अमेरिका का समर्थन हासिल करने के बाद भी भारत को इस तरह चीन से झटका झेलना पड़ा है, लेकिन पिछले 6 महीनों में ऐसा 5 बार हुआ है और ड्रैगन ने हाफिज सईद के बेटे समेत कई खूंखार आतंकवादियों को बचाया है।

**मक्की पर भी चीन ने की थी मक्कारी** : अब्दुल रहमान मक्की हाफिज सईद का रिश्ते में साला लगता है। अमेरिका की ओर से उसे आतंकवादी घोषित किया गया था, लेकिन चीन ने उसे भी ब्लैकलिस्ट करने की कोशिशों को आखिरी वक्त में रोक दिया था। मक्की जमात उद दावा का दूसरे नंबर का सरगना है। यही नहीं कहा तो यहां तक जाता है कि हाफिज सईद इन दिनों बीमार है और मक्की ही आतंकी कारनामों को अंजाम दे रहा है। अमेरिका का दावा है कि मक्की लश्करे तैयबा के ट्रेनिंग कैंपो को फंड करता है। साल 2007 में मक्की ने ऐसे ही एक ट्रेनिंग कैंप को करीब ढाई लाख अमेरिका डॉलर दिए थे। इसी साल अगस्त में चीन ने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के सरगना अब्दुल राउफ अजहर पर पाबंदी लगाने के प्रस्ताव पर भी रोक लगा दी थी। अजहर को अमेरिका ने 2010 में आतंकवादी घोषित कर दिया था। उस पर पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगता रहा है। जैश का भारत का सरगना भी अजहर रहा था। ऐसे में अमेरिका और भारत दोनों की ही उस पर बैन लगाने में दिलचस्पी थी।

### खूंखार हाफिज सईद का बेटा तल्हा

हाफिज तल्हा सईद आतंकी संगठन लश्कर के सरगना हाफिज सईद का बेटा है। सईद पर मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड होने का आरोप है। फिलहाल इसी को ब्लैकलिस्ट करने की कोशिश पर चीन ने पलीता लगाया है। चीन ने सईद को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद की 1297 अल क़ायदा प्रतिबंध कमेटी के तहत ब्लैकलिस्ट करने के प्रस्ताव को पास नहीं होने दिया है। बीते दो दिनों में दूसरी बार चीन ने भारत और अमेरिका के किसी व्यक्ति को ग्लोबल टेरोरिस्ट की सूची में शामिल करने के प्रयास को नाकाम किया है। इस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीन के रवैए पर सवाल उठाया है।

### शाहिद महमूद को भी बचा चुका है चीन

अमेरिका के वित्त विभाग की ओर से दिसंबर दिसंबर 2016 में महमूद और लश्कर के एक अन्य सरगना मोहम्मद सरवर को आतंकवादी घोषित कर दिया था। महमूद पर टेरर फंडिंग के आरोप रहे हैं। उसने लश्कर-ए-तैयबा के लिए फंडिंग की थी। उसकी फाइनेंसियल विंग फलाह-ए-इंसानियात फाउंडेशन का वह वाइस चैयरमेन रहा है। अमेरिका के मुताबिक अगस्त 2013 में महमूद की पहचान लश्कर के पब्लिकेशन विंग के सदस्य के तौर पर हुई थी। इससे पहले वो लश्कर के विदेशी ऑपरेशन के प्रमुख साजिद मीर की टीम से जुड़ा था। महमूद ने माना था कि लश्कर का मकसद भारत और अमेरिका पर अटैक करना है।

## रूस ने माना पाक के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का हिस्सा



**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस ने भी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा माना है। रूसी सरकार द्वारा जारी किए गए एससीओ सदस्य देशों के नक्शे ने यह साबित कर दिखाया है। रूसी समचार एजेंसी स्पुतनिक के मुताबिक, जारी किए गए नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन के साथ-साथ पूरे अरुणाचल प्रदेश को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। पाकिस्तान और चीन के एससीओ के सदस्य देश होने के बावजूद मॉस्को ने यह कदम उठाया है।

**नक्शा देख बौखलाएंगे चीन और पाकिस्तान**

इस मानचित्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और एससीओ के भीतर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत पक्ष को और मजबूत किया है। आपको बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राजदूत ने हाल ही में पीओके की यात्रा की थी। उन्होंने इस इलाके को आजाद कश्मीर कहा था। जर्मन विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का सुझाव दिया था।

चीन ने हाल ही में एससीओ के लिए जारी किए गए मैप में भारत के कुछ इलाकों को अपने इलाके के हिस्से के तौर पर दिखाकर अपनी विस्तारवाद की नीति को परिभाषित किया था। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि एससीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक रूस द्वारा भारत के नक्शे के सही चित्रण ने सीधे रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोवियत संघ और रूस ने 1947 से कश्मीर पर भारत का समर्थन किया है और भारत विरोधी प्रस्तावों को अवरुद्ध करने के लिए यूएनएससी में वीटो का इस्तेमाल किया है। मॉस्को ने बार-बार कहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, जिससे विवाद के किसी भी अंतर्राष्ट्रीयकरण को रोका जा सकता है।

### लद्दाख में टिपर गिरने से दो की मौत, 10 घायल

**लेह, (एजेंसी)।** लद्दाख में बुधवार को सड़क निर्माण के दौरान 12 लोगों के साथ एक टिपर गिर गया, जिसमें दो की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह हादसा लद्दाख के समोसा-सासेर ला इलाके में हुआ। रक्षा अधिकारी ने घटना की पुष्टि की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के ससोमा-सासेर ला इलाके में टिपर की घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। रक्षा मंत्री ने ट्वीट करके कहा कि लद्दाख के ससोमा-ससेर ला इलाके में एक टिपर के गिरने से हुई मौत से बेहद आहत हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों को जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। लद्दाख क्षेत्र में बुधवार सड़क निर्माण कार्य के दौरान हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर थे। सभी ग्रेफ द्वारा करवाए जा रहे सड़क निर्माण के लिए टिपर जा रहे थे, लेकिन तभी ससोमा-ससेर ला इलाके के पास दुर्घटना हो गई।

## दक्षिण एशिया में भारत ही ला सकता है स्थिरता एवं शांति

### अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने की जमकर तारीफ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा है कि दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने और विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत की बहुत आवश्यकता है। दोनों देशों में संयुक्त अभ्यास के बीच उन्होंने यह बात कही। मेजर जनरल क्रिस्टोफर मैकफिलिप यूए इंडो-पसिफिक कमांड के स्ट्रैटजिक प्लानिंग डायरेक्टर हैं। भारत के पूर्वी नेवल कमांड विशाखापट्टनम में टाइगर ट्रंप अभ्यास के दौरान उन्होंने भारत की जमकर तारीफ की।

यह अभ्यास आपदा के दौरान लोगों की मदद करने के उद्देश्य से हो रहा था। इसमें भारत और अमेरिका के सैन्य रणनीतिकार और प्रतिनिधि शामिल हुए। मैकफिलिप ने कहा कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत बहुत बड़ा सहयोगी है। मानवीय सहायता के लिए भारत जिस तरह से तैयारी करता है और हमेशा दूसरों की मदद को तैयार रहता है, यह काबिल-ए-तारीफ है। क्षेत्र में आपदा से राहत और बचाव के लिए यह अभ्यास भारत और अमेरिका के बीच दूसरा था। इससे पहले नवंबर 2019 में विशाखापट्टनम में ऐसा ही अभ्यास कराया गया था, जिसमें अमेरिका के 500 नौसैनिक शामिल हुए थे। इसमें भारत के 1200 सेलर, सैनिक और एयरमैन शामिल थे। इस साल के अभ्यास में 50 प्रतिभागी थी। इसका उद्देश्य स्टाफ प्लानिंग की तैयारी करना था।

हैदराबाद में यूएस के कॉन्सुल जनरल जेनिफर लारसन ने कहा कि टाइगर ट्रंप इस बात का प्रमाण है कि भारत और अमेरिका कैसे इंडो पसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते अब आपदाएं बढ़ गई हैं। अमेरिका जानता है कि भारत ही ऐसा देश है, जो कि आसपास के देशों की मदद कर सकता है। हम चाहते हैं कि हमारे बीच सहयोग और मजबूत हो और हम इस क्षेत्र में सुरक्षा के लिए योगदान दे सकें।

**सियासत**

### मल्लिकार्जुन खड़गे की बुजुर्ग और युवा बढ़ाएंगे परेशानी

## आसान नहीं है नए कांग्रेस अध्यक्ष की राह

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव में जीत हासिल कर कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी संभाल ली है। 80 साल के मल्लिकार्जुन खड़गे दलित बिरादारी से आते हैं और गांधी परिवार के वफादार हैं। कांग्रेस ने उनमें वोटबैंक और हाईकमान से करीबी जैसी दो खूबियां देखते हुए अध्यक्ष पद सौंपा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के लिए यह भी एक व्यवस्था ही है या फिर बदलाव की कोई शुरुआत मल्लिकार्जुन खड़गे कर पाएंगे? इसका जवाब दे पाना कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। इसकी वजह यह है कि मल्लिकार्जुन खड़गे खुद कोई बड़ा जनाधार नहीं रखते हैं और केंद्र की राजनीति में भी उनका ऐसा कद नहीं रहा है कि तमाम वरिष्ठ नेता आसानी से उनको फॉलो करें।

इसके अलावा युवा नेताओं से संवाद स्थापित कर पाना भी उनके लिए आसान नहीं होगा। मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाए जाने से उदयपुर में पारित प्रस्तावों पर भी सवाल खड़े किए हुए हैं। तब कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा गया था कि युवाओं को मौका दिया जाएगा, लेकिन खड़गे को अध्यक्ष बनाने से इस पर प्रश्न चिह्न लगा है। यही नहीं वर्किंग कमेटी की औसत आयु भी 68 साल है, जिसमें 50 साल से कम की उम्र का कोई भी नेता शामिल नहीं है। इसलिए कांग्रेस की रणनीति पर भी पलीता लगता दिख रहा है। बिना युवाओं को जोड़े कांग्रेस खड़गे के भरोसे अपनी उम्मीदों को परवान चढ़ा पाएगी।

### सत्ता के दो केंद्र होंगे, कैसे स्थापित हो पाएंगे खड़गे

भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे की लीडरशिप में राहुल गांधी ने काम करने की बात कही है। उनका कहना है कि खड़गे ही उनका काम तय करेंगे। इस तरह गांधी परिवार ने खड़गे को स्थापित करने की कोशिश की है, लेकिन कांग्रेस में गांधी परिवार की हैसियत बैकसीट पर होने के बाद भी कम नहीं है। इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि अध्यक्ष के चुनाव में राहुल गांधी की उम्मीदवारी न होने के बाद भी कुछ लोग बैलेट पेपर पर उनका ही नाम लिख आए। ऐसे में खड़गे की अध्यक्षता के बाद भी गांधी परिवार सत्ता का केंद्र पहले की तरह बना रहेगा। ऐसे में अध्यक्ष के तौर पर उनके हाथ पूरी ताकत नहीं होगी। इस तरह सत्ता के दो केंद्र बनना पार्टी के कामकाज पर बुरा असर डाल सकता है। इससे भी बड़ी मुश्किल मल्लिकार्जुन खड़गे के आगे यह होगी कि वह राज्यों के क्षत्रपों को कैसे संभालें? जो अशोक गहलोत सोनिया गांधी तक को आंख दिखा चुके हैं, उनसे मल्लिकार्जुन खड़गे कैसे डील करेंगे?

## ज्योति हत्याकांड में आठ साल बाद पति समेत छह दोषी करार

**कानपुर, (एजेंसी)।** यूपी के कानपुर शहर में 2014 में चर्चित हाईप्रोफाइल ज्योति हत्याकांड सामने आया था, जिसमें गहरी साजिश रचकर ज्योति के पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर ज्योति के अपहरण की साजिश रच उसकी हत्या करवा दी थी। अब 8 साल बाद कानपुर न्यायालय में इसका फैसला आया। कोर्ट ने ज्योति के पति पीयूष, उसकी प्रेमिका मनीषा समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। मामले में शुक्रवार को कोर्ट दोषियों को सजा सुनाएगी।

**न्यायालय आज सुनाएगा सजा**

यह पूरा मामला इस तरह से रचा गया था कि पीयूष अपनी पत्नी ज्योति को लेकर रात को घूमने निकला था और हाईवे पर गाड़ी रोक कर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पीयूष उसके बाद पुलिस के पास पहुंचा और पूरी कहानी सुनाई, लेकिन पूरे मामले में जैसे-जैसे खुलासा हुआ तो इस पूरी घटना को रचने वाला ज्योति का पति पीयूष ही निकला जिसमें उसकी प्रेमिका मनीषा भी शामिल थी। लगातार इस मामले में गवाह के बयान सबूत पेश किए गए और आप 8 साल में न्यायालय ने पीयूष और उसकी प्रेमिका मनीषा समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) सहायक सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।